
दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

वर्ष-10, अंक-162
इन्दौर, सोमवार
08 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

हम अपना हर कदम फूंक फूंक कर रखे. हम छाना हुआ जल पिए. हम वही बात बोले जो शास्त्र सम्मत है. हम वही काम करे जिसके बारे हम सावधानीपूर्वक सोच चुके है.



-चाणक्य

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, 5 की मौत

## घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या; फिर कुकी-मैतेई के बीच फायरिंग में 4 की जान गई



**इन्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर में उग्रवादियों के रॉकेट और ड्रोन्स से हमले के बाद पुलिस और सुरक्षा बल अलर्ट पर हैं। पुलिस ने बताया है कि सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर जिले में उग्रवादियों के तीन बंकर्स को नष्ट किया है। सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब शुक्रवार को उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले सटे इलाकों में रॉकेट हमला किया था। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह लोग घायल हो गए थे। वहीं शनिवार को जिरिबाम जिले में हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई है।

### हिंसा में पांच की मौत

मणिपुर में ताजा हिंसा में शनिवार को जिरिबाम जिले में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को सोते हुए गोली मारी गई। वहीं चार अन्य लोग आपसी गोलीबारी में मारे गए। पुलिस के अनुसार, उग्रवादी एक व्यक्ति के घर में घुसे और सोते हुए उसे गोली मार दी। इस घटना के बाद कुछ दूर ही हथियारबंद लोगों से उग्रवादियों का सामना हो गया और इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन लोग पहाड़ी इलाकों के निवासी थे। जनजातीय निकास इंडीजेनस ट्राइब्स एडवोकेसी कमेटी ने घटना में संलिप्तता से इनकार किया है। सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर जिले के मुआलसांग गांव में दो बंकर और चुराचांदपुर के लाइका मुआलसौ गांव में एक बंकर नष्ट किए हैं।

उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले के दो स्थानों पर नागरिक आबादी में रॉकेट दागे थे, जिनमें से एक वरिष्ठ नागरिक की मौत हो गई और छह अन्य नागरिक घायल हो गए। इसके बाद पुलिस टीमों और अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने आसपास की पहाड़ियों में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा है कि हवाई गश्त के लिए एक सैन्य हेलीकॉप्टर भी तैनात किया गया है। कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकें की गई हैं। अधिकारी हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और पुलिस किसी भी आकस्मिक स्थिति का जवाब देने के लिए तैयार है। पिछले कुछ दिनों में हुए हमलों के बाद इंफाल घाटी में तनाव पैदा हो गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में इंफाल पश्चिम जिले में दो स्थानों पर ड्रोन्स से बम गिराए गए और रॉकेट हमले किए गए।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निवास पहुंचे संत पंडोखर सरकार

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन स्थित निवास पर शनिवार को संत श्री पंडोखर सरकार पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पिता स्व. पूनमचंद यादव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और मुख्यमंत्री से भेंट की। इस दौरान विधायक सर्वश्री सतीश मालवीय, प्रदीप जैन, सचिन बिड़ला सहित जन-प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे। शनिवार को उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निवास पर जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने पहुँच कर स्व. पूनमचंद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिल कर सांसद श्री अनिल फिरोजिया, श्री भारत सिंह कुशवाह, राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार, तीर्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री माखन सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री श्री शिव प्रकाश सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शोक संवेदना प्रकट की।

# हरियाणा कांग्रेस की सूची जारी

### वीनेस सबसे युवा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में कांग्रेस ने उम्मीदवारों की जो 2 लिस्ट जारी की हैं, उसमें सिर्फ 3 नए चेहरे हैं। कांग्रेस ने होडल से पिछला चुनाव हारे प्रदेशाध्यक्ष उदयभान को दोबारा से मैदान में उतारा है। 32 सीटों में 9-9 टिकटें जाट और स्ट उम्मीदवारों को मिली हैं। SC के लिए 17 सीटें रिजर्व हैं। पहली लिस्ट में केवल 5 महिलाएं हैं। इस लिस्ट में 1 दलबदलू को टिकट दी है। सबसे उम्रदराज डॉ. रघुवीर कादियान (80) हैं, जिन्हें



झज्जर के बेरी से मैदान में उतारा है। वहीं, सबसे युवा विनेश फोगाट (30) को जींद की जुलाना सीट से टिकट मिली है

### पोर्न स्टार केस में ट्रम्प की सजा टली

**वाशिंगटन।** पोर्न स्टार केस में दोषी करार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को मैनहट्टन कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। उन्हें राष्ट्रपति चुनाव के बाद सजा सुनाई जाएगी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक मामले की सुनवाई कर रहे जज जुआन मर्चेन ने कहा कि ट्रम्प की सजा का ऐलान 26 नवंबर को किया जाएगा। अमेरिका में 5 नवंबर को चुनाव होंगे। ट्रम्प को जुलाई में ही सजा सुनाई जाने वाली थी। हालांकि तब इसे आगे बढ़ाकर 18 सितंबर तय किया गया। अब इसे 68 दिन के लिए और आगे बढ़ा दिया गया है। दरअसल, इसी साल 30 मई को कोर्ट ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और 2016 के चुनावी कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 मामले में ट्रम्प को दोषी पाया था।

# MP-राजस्थान सहित 28 राज्यों में आज तेज बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग ने शनिवार (7 सितंबर) को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित 28 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है।**



राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार (6 सितंबर) को रिकॉर्ड बारिश हुई। अजमेर में 1995 के बाद बाढ़ जैसे हालात नजर आए। 25 से ज्यादा स्कूलों में बच्चे फंस गए। सड़कों पर 3-4 फीट पानी के बीच उनका रेस्क्यू किया गया। आज स्कूल बंद हैं। अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भी पानी घुस गया। राजसमंद जिले में सड़कें-पुल नदियों में बदल गईं। एक पुल को पार करते समय चार लोगों को ले जा रही एक कार तेज बहाव में बह गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने सभी लोगों का रेस्क्यू किया।

### 8 सितंबर को 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने 8 सितंबर को राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, करेल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, झारखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के 14 जिलों में हालांकि, अन्य जिलों में तीखी धूप निकलेगी। भोपाल में शुक्रवार को सुबह से धूप-छांव वाला मौसम रहा। मंडला में 34 मिमी यानी, करीब डेढ़ इंच बारिश हुई। सिवनी और सागर में 1 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

# चांद पर भी लगे भूकंप के तेज झटके, चंद्रयान-3 का दावा; ISRO ने बताए कारण



**नई दिल्ली ।** धरती पर तो भूकंप आते ही हैं, चंद्रमा पर भी भूकंप के झटके लगे हैं। चंद्रयान-3 ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबुक, उल्कापिंड या गर्मी से संबंधित प्रभाव के कारण ये झटके लगे हैं। इसरो ने चंद्रयान-3 के भूकंप-संकेतक उपकरण से प्राप्त आंकड़ों का प्रारंभिक विश्लेषण किया है, जिसमें यह जानकारी सामने आई है। पत्रिका 'इकारस में प्रकाशित शोधपत्र में चंद्र भूकंपीय गतिविधि उपकरण (इल्सा) द्वारा दर्ज किए गए 190 घंटों के आंकड़ों के अवलोकन का सारांश है। इल्सा उन पांच प्रमुख वैज्ञानिक उपकरणों में से एक है, जिन्हें चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर अपने साथ लेकर गए थे। शोधार्थियों ने कहा, डाटा से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए विस्तृत अध्ययन की जरूरत है। इसरो ने बताया, भूकंप का पता लगाने वाले इल्सा को 2 सितंबर, 2023 तक लगातार संचालित किया गया, जिसके बाद इसे बंद कर दिया गया और वापस पैक कर दिया गया। इसके बाद लैंडर को प्रारंभिक बिंदु से लगभग 50 सेंटीमीटर दूर एक नए बिंदु पर स्थानांतरित कर दिया गया।

# हरियाणा BJP में 40 नेताओं के इस्तीफे से हड़कंप

## बागियों से वन टू वन बातचीत, 2 केंद्रीय मंत्रियों समेत CM-कैंडिडेट्स की ड्यूटी लगाई

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने मची भगदड़ के बीच बीजेपी ने डैमेज कंट्रोल करना शुरू कर दिया है। सब कुछ केंद्रीय कार्यालय की तरफ से तय किया जा रहा हैं। रूठों को मनाने के लिए शीर्ष नेतृत्व की तरफ से वन-टू-वन बातचीत की जा रही हैं। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, ष्ट्रू नायब सैनी और प्रदेश सहप्रभारी बिप्लब देब ने टिकट बंटने के बाद बागी तेवर अपनाने वाले 10 से ज्यादा नेताओं से बात कर उन्हें मनाने की कोशिश की है। इनमें कुछ मान भी गए। कुछ ने समर्थकों के साथ मीटिंग कर निर्णय लेने की बात कही हैं।



टिकट आवंट न के बाद रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, सोनीपत, करनाल, अंबाला, हिसार, फतेहाबाद, गुरुग्राम जिले में सबसे ज्यादा बगावत हुई। करीब 40 नेताओं ने इस्तीफे दे दिए। इनमें विधायक, पूर्व मंत्री सहित कई निगम और बोर्ड के चेयरमैन तक शामिल रहे। कई नेताओं ने बीजेपी उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का फैसला भी किया। इस्तीफों की झड़ी लगने के बाद सीधे हाईकमान की तरफ से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बागी हुए नेताओं से संपर्क साधा गया। केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खुद बागियों से फोन पर बात करने के अलावा मिलने के लिए भी बुलाया।

### सीएम ने नाराज नेताओं से की बात

रेवाड़ी सीट पर बागी तेवर अपनाने वाले परिवार पहचान पत्र के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला, पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास और पर्यटन निगम के पूर्व चेयरमैन डॉ. अरविंद यादव से शीर्ष नेतृत्व की तरफ से बातचीत की गई। रणधीर सिंह कापड़ीवास से शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रोहतक में वन-टू-वन बात की। इसी तरह सतीश खोला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से बात होने के बाद दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और संगठन महासचिव बीएल संतोष से बात की।

# सबसे ज्यादा टैक्स शाहरुख खान ने दिया

**मुंबई।** शाहरुख खान ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 92 करोड़ रुपए का टैक्स पेमेंट किया है। वे सबसे ज्यादा टैक्स जमा करने वाले भारतीय सेलिब्रिटी बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ 7300 करोड़ रुपए है। दूसरे नंबर पर 80 करोड़ रुपए के टैक्स पेमेंट के साथ तमिल सुपरस्टार थलापति विजय हैं। उनकी नेटवर्थ 800 करोड़ रुपए है। लिस्ट के टॉप-5 में अमिताभ बच्चन,



सलमान खान शामिल हैं। सबसे ज्यादा टैक्स जमा करने वाले क्रिकेटर विराट कोहली हैं। उन्होंने 66 करोड़ रुपए का टैक्स जमा किया है। उनके बाद महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 38 करोड़ रुपए का टैक्स चुकाया है शाहरुख खान दुनिया के तीसरे सबसे अमीर एक्टर बन चुके हैं। उनकी नेटवर्थ करीब 7,300 करोड़ रुपए है। शाहरुख ने 2023 में लगातार दो ब्लॉकबस्टर फिल्में, जवान और पठान दीं। दोनों ने दुनियाभर में 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई का आंकड़ा पार किया। शाहरुख ने हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को भी पीछे कर दिया है। टॉम क्रूज की नेटवर्थ करीब 5,000 करोड़ रुपए है। 11,700 करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ टायलर पेरी दुनिया में पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर 9,000 करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ जैरी सीनफील्ड हैं।

# कॉलेजियम ने दो वरिष्ठ जजों को पदोन्नति में किया नजरअंदाज, SC ने रद्द किया फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश कॉलेजियम के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें हाई कोर्ट में पदोन्नति के लिए दो वरिष्ठ जिला जजों की उम्मीदवारी को नजरअंदाज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने दो सीनियर जिला जजों की याचिका को स्वीकार करते हुए इस साल की शुरुआत में हुई कॉलेजियम की चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि परामर्श के अभाव में कॉलेजियम का निर्णय इसलिए प्रभावित हुआ क्योंकि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने निजी तौर पर दो जिला जजों के नामों पर पुनर्विचार नहीं करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि यह फैसला कॉलेजियम के फैसले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का पहला उदाहरण है। ऐसे मामलों को आमतौर पर अदालत द्वारा प्रशासनिक रूप से निपटाया जाता है। वहीं, कॉलेजियम के फैसलों के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करते समय व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाता है। जजों ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को कॉलेजियम में अन्य जजों से सलाह लेनी चाहिए थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि हाई कोर्ट कॉलेजियम को अब निर्धारित मानदंडों के अनुसार दो जिला जजों के नामों पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह प्रक्रिया मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर के तहत होनी चाहिए जो संवैधानिक



अदालतों में जजों की नियुक्ति का मार्गदर्शन करती है। बिलासपुर के डिस्ट्रिक्ट जज चिराग भानु सिंह और सोलन के जिला जज अरविंद मल्होत्रा मई में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। दोनों ने आरोप लगाया था कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी मेरिट और सीनियारिटी दोनों की अनदेखी की। इसके अलावा हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की स्पेसिफिक रेकमेंडेशन को भी मानने से इनकार कर दिया। सिंह ने हाल में डेपुटेशन पर सुप्रीम कोर्ट में रजिस्ट्रार के रूप में भी सेवाएं दी थीं। अपनी संयुक्त याचिका में, सिंह और मल्होत्रा ने 4 जनवरी, 2024 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा पारित एक प्रस्ताव का हवाला देते हुए हाई कोर्ट कॉलेजियम को उनके नामों पर पुनर्विचार करने का निर्देश देने की मांग की। जिला जजों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने तर्क दिया कि जूनियर न्यायिक अधिकारियों की सिफारिश इन-सर्विस कोटा के तहत हाई कोर्ट के जज के पद के लिए की गई। इस क्रम में याचिकाकर्ताओं की अनदेखी की गई जो अधिक सीनियर थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह और बाद में केंद्रीय कानून मंत्री द्वारा सिंह और मल्होत्रा के नामों पर पुनर्विचार करने के अनुरोध पर भी ध्यान नहीं दिया।

## सुविचार



विनम्र और कृतज्ञ होना चाहिए छात्रों को तथा शिक्षकों को होना चाहिए उदार और क्षमाशील।

**निर्मल कुमार दे जमशेदपुर**

## लघुकथा

# कैसा अवसर ?



नानाजी का स्वर्गवास हो गया । उम्र करीब 70 वर्ष थी । लगभग स्वस्थ ही थे सुबह-शाम खेतों में खूब टहलते थे। लेकिन माटी के इस शरीर की क्या निश्चितता ? आज है, कल नहीं। दिल का हल्का दौरा पड़ा । बस, पल भर में सब खत्म हो गया! नानाजी का परिवार दूर-दूर तक फैला था। बेटे-बहुएँ, बेटियाँ - दामाद, नाती-नतिनी, पोते-पोतियाँ 7 सभी बड़े शहरों या फिर विदेशों में जा बसे थे। गाँव आने का और एक-दूसरे से मिलने का अवसर उन्हें विरले ही मिलता था। सन्देश के कई सुलभ माध्यमों के इस युग में पल भर में ही सभी को इस दुखद समाचार की सूचना हो गई। जो नजदीक थे, वे दाह-संस्कार में सम्मिलित हो गए। बाद में धीरे-धीरे सभी आने लगे। बड़ा शोक का माहौल था । श्राद्ध के दिन तक सभी आ गए। इस बीच शोक का वातावरण भी कमजोर पड़ने लगा । श्राद्ध कर्म सम्पन्न हुआ । फिर सभी कुछ सामान्य - सा दिखने लगा । बेटियाँ पिता को भूल अपना-अपना दुःख-सुख बतियाने लगीं। बेटे भी आपस में एक-दूसरे का हाल-चाल लेने लगे। घर की बहुएँ आपस में गप्पें लड़ाने में मशगूल हो गई थीं सभी बहुत दिन बाद जो मिले थे। सबसे छोटी बेटी की शादी में बहुत से रिश्तेदार नहीं आ पाए थे। उन्हें घर के नए दामाद से मिलवाया जा रहा था। एक बेटे ने विदेश में ही शादी कर ली थी । विदेशी बहू से मिलने में सभी को बड़ा आनन्द आ रहा था। बच्चों की तो चांदी ही हो गई थी। खूब शोर-शराबा और हुड़दंग मच रहा था। तेरह दिन पहले जो शोक के बादल थे, अब कहीं दिखाई नहीं दे रहे थे। एक दिन जब सभी इकट्ठे बैठे थे तो बड़ी बहू ने प्रसन्न होकर कहा, ÷हम सभी एक-दूसरे से मिलने के लिए तरस कर रह गए थे। चलो, बड़ा अच्छा रहा। हम सभी एक-दूसरे से मिल पाए। फिर न जाने कब मिलना हो ।÷ उधर नानीजी एक कमरे में नानाजी की तस्वीर के सामने उदास बैठी थीं । वे बड़ी किंकर्तव्यविमूढ़ थीं । वे समझ नहीं पा रही थीं कि शोक के इस मौके पर वे दुखी रहें या बच्चों को खुश देखकर उनका साथ दें ।


**ज्ञानदेव मुकेश**
**न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी**
**पटना -800013**

## संस्मरण

# लहू के छींटे



कई बार आप किसी व्यक्ति से जीवन में कभी नहीं मिले होते किंतु फिर भी उसका व्यक्तित्व आपको प्रभावित करता है । मुझे आजतक नहीं पता कि अमेरिका के पैंतीसवें राष्ट्रपति , जॉन एफ कैनेडी का चित्र जो मैंने कभी बचपन में देखा था , उसमें ऐसा क्या था कि मुझे वो चेहरा आज तक याद रहा ! अमेरिका के सबसे युवा राष्ट्रपति की हत्या तब कर दी गई थी , जब मेरी उम्र लगभग छह साल की रही होगी । लेकिन विश्व की महाशक्ति का बहुत कम समय तक नेतृत्व करने वाला यह व्यक्ति मुझे क्यों याद रहा , ये मैं आज भी नहीं जानता । अभी हाल ही में बच्चों के पास अमेरिका आना हुआ तो अचानक एक दिन याद आया कि प्रेजिडेंट कैनेडी की हत्या भी तो इसी शहर में हुई थी । मैंने वो स्थान देखने की इच्छा प्रकट की तो बच्चे हमें वहां ले गए । डैलस ) के डाउनटाउन में उस स्थान पर पहुंचकर मैं अपनी कल्पना में लगभग इकसठ वर्ष पूर्व के उस



नृशंस हत्याकांड के बारे में सोचकर एक अजीब से रोमांच से भर उठा ! ऐसा ही होता है किसी भी ऐतिहासिक स्थान पर पहुंचकर। सारा परिदृश्य जीवंत हो उठता है । ऐसा लगता है , आप किसी टाइम मशीन में बैठकर वर्षों पूर्व के इतिहास के उसी कालखंड का हिस्सा हो गए हैं और सब कुछ अपने सामने होता हुआ देख रहे हैं ! सबसे पहले हत्या के स्थान से लगभग दो सौ यार्ड की दूरी पर स्थित स्मारक को देखा और कुछ देर काले पत्थर से निर्मित शिलालेख के समक्ष खड़े होकर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की । यह देखकर दुख हुआ कि कुछ मूर्ख सैलानी उस स्मृति शिला के ही ऊपर खड़े होकर फोटो खिंचवा रहे थे । आसपास की कुछ ऊंची इमारतों के पीछे वह इमारत भी थी जिसकी सबसे ऊपर वाली मंजिल की एक खिड़की से नीचे सड़क पर जाती हुई राष्ट्रपति की खुली छत वाली कार पर गोली चलाकर एक हत्यारे द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी । हालांकि कुछ शोधकर्ताओं द्वारा हत्यारे एक से अधिक होने का दावा भी किया जाता है पर यह बात आजतक रहस्य ही बनी हुई है । इमारत के ठीक सामने राष्ट्रपति की वही कार अभी भी खड़ी है और उस बहुमंजिला इमारत की वह हत्यारी खिड़की अब भी ऊपर से झांक कर उसे देख रही है । इसी इमारत में एक संग्रहालय भी है जो हमारे पहुंचने तक बंद हो चुका था । केवल कुछ विदेशी सैलानी उस बदनसीब कार के आसपास खड़े उसे एकटक देख रहे थे । चारों ओर गगनचुंबी इमारतों के बीच चमचमाती गाड़ियां फर्राटे भर रहीं थीं और मैं सोच रहा था कि किसी के न रहने पर भी सब कुछ पहले जैसा ही चलता रहता है ; बस लहू के छींटे सूख जाते हैं

**रवि ऋषि , दिल्ली / डैलस**

# हर दिन 86 महिलाएं रेप की शिकार होती हैं

## और 10 में से 7 आरोपी बरी हो जाते हैं



रामस्वरूप रावतसरे



कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप के बाद हत्या मामले को लेकर पूरा देश गुस्से हैं। हर कोई आरोपियों के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग कर रहा है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि रेप के मामले में आरोपियों को सजा मिलते-मिलते काफी लंबा अरसा बीत जाता है। जांच में देरी के चलते सालों तक मुकदमा चलता है। लंबी कानूनी प्रक्रिया का फायदा आरोपियों को मिलता है। कई बार देखा गया है कि मुकदमा पूरा होने के बावजूद आरोपियों को सजा नहीं मिलती और वह आसानी से बरी हो जाते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच और मुकदमा चलाने में बड़ी चुनौतियां हैं। 2022 में लगभग 45,000 रेप के मामलों की जांच पुलिस को सौंपी गई थी, लेकिन केवल 26,000 मामलों में ही चार्जशीट दायर की गई। यह संख्या 2022 में दर्ज घटनाओं की संख्या से भी कम थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में रेप के लगभग 32,000 मामले पुलिस में दर्ज किए गए थे। हालांकि, पिछले वर्षों से लंबित 13,000 से अधिक मामले पहले से ही विचाराधीन थे, जिससे पुलिस पर लगभग 45,000 मामलों की जांच का बोझ था। लेकिन दोषियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के मामले में, 2022 में केवल लगभग 26,000 मामलों में ही चार्जशीट दायर की गई। यह उन मामलों का 60 प्रतिषत से भी कम था जिनकी उन्हें जांच करनी थी और 2022 में दर्ज घटनाओं की संख्या से भी कम थी। यह दर्शाता है कि भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए प्रभावी कानून और न्यायिक प्रक्रियाओं की सख्त आवश्यकता है।

कानून के जानकार बताते हैं कि रेप के मामलों में जांच और अदालतों में लंबित मामलों की गुणवत्ता ही असली वजह है कि ज्यादातर मामलों में या तो आरोपी बरी हो जाते हैं या फिर मामले अदालत तक पहुंच ही नहीं पाते। 2022 में पिछले सालों के लंबित मामलों को मिलाकर अदालतों में सुनवाई के लिए लगभग 2 लाख मामले थे। हालांकि, केवल 18,000 से थोड़े ही ज्यादा मामलों में सुनवाई पूरी हो सकी, जो कि उस साल दर्ज की गई प्राथमिकियों और पुलिस चार्जशीट की संख्या से भी कम है। अतः रेप के मामलों में 27.4 प्रतिषत की सजा की दर का मतलब है कि हर 10 में से 7 आरोपी बरी हो गए। भारत में हर 1500 महिलाओं में से एक महिला हर साल किसी न किसी अपराध का शिकार होती है। यह आंकड़ा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी ) का है। एनसीआरबी के अनुसार, 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 66.4 प्रति लाख थी। यानी हर एक लाख महिलाओं पर 66.4 अपराध हुए। लेकिन कुछ राज्यों में यह आंकड़ा राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा है। दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर सबसे ज्यादा है। यहां हर एक लाख महिलाओं पर करीब 150 अपराध दर्ज हुए। यानी हर 700 महिलाओं में से एक महिला किसी न किसी अपराध का शिकार हुई। दूसरी तरफ, उत्तर-पूर्वी राज्य महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित हैं। असम को छोड़कर, इन राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध एक गंभीर समस्या है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि ये आंकड़े सिर्फ दर्ज मामलों के हैं। बहुत से मामले पुलिस तक पहुंचते ही नहीं हैं। रिसर्च बताती है कि अपराध रोकने के लिए कड़ी सजा से ज्यादा जरूरी है अपराधी का पकड़ा जाना। भारत में अपराधी पकड़े जाने के बाद भी कानूनी प्रक्रिया में देरी और दिक्कतें होने की वजह से सजा की दर कम होती है। गवाह मुकर जाते हैं, सबूत मिट जाते हैं, और सामाजिक दबाव के कारण पीड़ित केस वापस ले लेते हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के लगभग 4.5 लाख मामले दर्ज हुए, यानी हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 50 से ज्यादा अपराध। कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर एवं महाराष्ट्र के बदलापुर कांड ने भी पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। लोग सड़क पर उतर कर कड़े कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन जिस संसद के पास कानून बनाने का अधिकार हैं, वहां सैकड़ों ऐसे सांसद हैं, जिनपर महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े केस चल रहे हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक तिहाई से ज्यादा यानी 54 भाजपा से जुड़े हैं। यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच ने तैयार की है। रिपोर्ट में 4,809 में से 4,693 सांसदों और विधायकों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण किया गया। इनमें 775 में से 755 सांसद और 4,693 में से 4,033 विधायक शामिल हैं। विश्लेषण में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि 16 मौजूदा सांसदों और विधायकों पर बलात्कार के आरोप हैं। इनमें से 2 सांसद हैं। जिन नेताओं पर महिलाओं से जुड़े अपराध के मामले दर्ज हैं उन 151 में से 16 मौजूदा सांसद हैं और 135 मौजूदा विधायक हैं। एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा के नेता महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित 54 मामलों के साथ पहले नंबर पर हैं। इसके बाद कांग्रेस के 23 और टीडीपी के 17 नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज हैं। भाजपा और कांग्रेस के पांच-पांच सांसदों और विधायकों पर बलात्कार के आरोप हैं। आम आदमी पार्टी, बीएपी, एआईयूडीएफ, तृणमूल कांग्रेस और टीडीपी के एक-एक सांसद या विधायक पर बलात्कार के आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल 25 मामलों के साथ उन राज्यों में सबसे आगे है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों की घोषणा करने वाले मौजूदा सांसदों और विधायकों की संख्या सबसे ज्यादा है। आंध्र प्रदेश 21 के साथ दूसरे और ओडिशा 17 मौजूदा सांसदों और विधायकों के साथ आरोपों का सामना कर रहे हैं। 151 में से 16 मौजूदा सांसद/विधायक ने बलात्कार से संबंधित मामलों की घोषणा की है, जिनमें से दो मौजूदा सांसद हैं और 14 मौजूदा विधायक हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में यह अनिवार्य कर दिया था कि राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से यह बताना होगा कि वे आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को क्यों टिकट दे रहे हैं। एडीआर ने सिफारिश की थी कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, एडीआर ने सिफारिश की है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ अदालती मामलों को तेजी से निपटाया जाना चाहिए और एक तय समय सीमा के भीतर उनका समाधान किया जाना चाहिए, पुलिस जांच की निगरानी अदालतों द्वारा की जानी चाहिए। मतदाताओं से यह भी आग्रह किया जाता है कि वे ऐसे उम्मीदवारों का चुनाव करने से बचें, जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों और अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित स्व-घोषित मामलों की घोषणा की हो। सच तो यह है कि हमारी आजादी के 78वें वर्ष में भी हम महिलाओं के खिलाफ भयावह अपराध दर से निपटने में असमर्थ रहे हैं। हमने सोचा था कि शायद हमने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार को बलात्कार की परिभाषा और सजा की समीक्षा के लिए एक समिति स्थापित करने के लिए मजबूर करने के बाद 2013 में एक नया कानून प्राप्त करके एक मील का पत्थर हासिल कर लिया है। हमने यह भी सोचा था कि हमने फिजियोथेरापिस्ट का नाम ''निर्भया'' रखकर अपना सम्मान दिया है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? क्या माता-पिता वास्तव में महाकाव्य के साथ जीना चाहते हैं? क्या हम, एक समाज के रूप में, सबसे क्रूर अपराधों का जवाब आवधिक क्रोध दिखाकर देना चाहते हैं? यह समय है, वास्तव में, बलात्कार के लिए जीरो टॉलरेंस घोषित करने और राजनेताओं से कठिन प्रश्न पूछने का। प्रश्न तत्काल और आवश्यक हैं क्योंकि आंकड़े हमें बताते हैं कि भारत में हर दिन 86 महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। यह संख्या केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत रखे गए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से ली गई है। इस संख्या से हमें अपनी नींद से उठ जाना चाहिए। पहली चीज जो हमें करने की जरूरत है, वह है हमारे राजनीतिक नेताओं से सवाल करना जो किसी राज्य में बलात्कार होने पर विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल करने की कोशिश करते हैं, जहां वे सत्ता में नहीं होते हैं। अगर राजनीतिक दल वाकई महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के मुद्दे को सुलझाना चाहते हैं, तो उन्हें एकजुट होना चाहिए। राजनीतिक दलों को घोषणा करनी चाहिए कि वे आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों पर विचार नहीं करेंगे। उन्हें आगे बढ़कर यह संदेश देना चाहिए कि जब वे 'नारी शक्ति' (भाजपा) और 'नारी न्याय' (कांग्रेस) जैसे नारे गढ़ते हैं, तो उनका मतलब होता है कि वे काम कर रहे हैं। उन्हें पुलिस को निजी बैसाखी के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय लंबे समय से लंबित पुलिस सुधारों को तुरंत लागू करना चाहिए। राजनीतिक दलों को समझना चाहिए कि महिलाएं अब आकांक्षी भारत का हिस्सा हैं।

# गणेश उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक





भारत देश अपनी सांस्कृतिक विशेषता के कारण दुनियां में एक अलग पहिचान रखता है। यही सांस्कृतिक विशेषता हमारे देश को श्रेष्ठता प्रदान करती हैं, इस विशेषता के दर्शन तीज त्यौंहार, उत्सव, परंपराओं में होते है। इसी तरह की सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता भारत में नवदुर्गा उत्सव के बाद किसी सांस्कृतिक पर्व में नजर आती है तो वह है, दस दिवसीय गणेश उत्सव, इस उत्सव ने सम्पूर्ण देश को एकता के मोती में गूथ दिया। यह उत्सव किसी विशेष जाति, वर्ग का नहीं होकर राष्ट्रीय उत्सव नजर आता है। गणेश उत्सव ने देश की राष्ट्रीय चेतना जगाने और सामाजिक समरसता स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महाराष्ट्र राज्य से शुरू हुआ यह उत्सव समय के साथ सम्पूर्ण भारत में मनाया जाना लगा। इस उत्सव की खास बात यह है की यह समाज के सभी वर्गों में समान उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाता है। जातिपाती और आर्थिक मतभिन्नता के परे इस उत्सव में गजब की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता के दर्शन होते है। गणेशोत्सव की शुरुआत महाराष्ट्र के पुणे से हुई थी। गणेश चतुर्थी का इतिहास मराठा साम्राज्य के सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ा है। ऐसी मान्यता है की भारत में मुगल शासन के दौरान अपनी सनातन संस्कृति को बचाने हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी माता जीजाबाई के साथ मिलकर गणेश चतुर्थी यानी गणेश उत्सव की शुरुआत की थी। यह उत्सव हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास की चतुर्थी से चतुर्दशी (चार तारीख चौदह तारीख तक) दस दिवस तक चलता है। गणेश जी निराकार दिव्यता हैं जो भक्त के उपकार हेतु एक अलौकिक आकार में स्थापित हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार वह भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र है। गण का अर्थ है समूह। यह पूरी सृष्टि परमाणुओं और अलग-अलग ऊर्जाओं का समूह है। यदि कोई सर्वोच्च नियम इस पूरी सृष्टि के भिन्न-भिन्न संस्थाओं के समूह पर शासन नहीं कर रहा होता तो इसमें बहुत उथल-पुथल हो जाती। इन सभी परमाणुओं और ऊर्जाओं के समूह के स्वामी हैं गणेशजी। वे ही वह सर्वोच्च चेतना है, जो सर्वव्यापी है, और इस सृष्टि में एक व्यवस्था स्थापित करती है। आदि शंकराचार्य ने गणेश जी के सर का बहुत सुन्दरता से गणेश स्त्रोत में विवरण प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार हालांकि, गणेश जी की पूजा हाथी के सिर वाले भगवान के रूप में होती है, लेकिन यह आकार या स्वरूप वास्तव में उस निराकार परब्रह्म रूप को प्रकट करता है। वे ' अजं निर्विकल्प निराकारमेकम' है। अर्थात गणेश जी अजं (अजन्मे) हैं, निर्विकल्प ( बिना किसी गुण के) हैं, निराकार (बिना किसी आकार के) हैं और वे उस चेतना के प्रतीक हैं, जो सर्वव्यापी है। गणेश जी वही ऊर्जा है जो इस सृष्टि का कारण है। यह वही ऊर्जा हैं जिसमे सबकुछ प्रकट होता है और जिसमे सबकुछ विलीन हो जाता है। भगवान गणेश जी के जन्म की कहानी हम सभी उस कथा को जानते हैं, कि कैसे गणेश जी हाथी के सिर वाले भगवान बने। गणेश जी भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। पुरातनकाल से हिंदू समाज कोई भी शुभ कार्य निर्विघ्न संपन्न करने के लिए उसका आरंभ गणपति की पूजा से होता है। गणेश जी सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। समाज में सभी शुभ कार्यों का प्रारंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बहिखातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिखकर ही नए वर्ष का प्रारंभ करता है। विवाह के मांगलिक अवसर पर भी गणेश पूजा की जाती है। श्री गणेश जी की अराधना से जुड़े इस उत्सव का राष्ट्रीय महत्व भी है। पेशवाओं ने गणेश उत्सव को बढ़ावा दिया। कहते है पुणे में कस्बा गणपति नाम से प्रसिद्ध गणपति की स्थापना शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई ने की थी। परंतु लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। इससे पूर्व गणेश पूजा परिवार तक ही सीमित थी। पूजा को सार्वजनिक महोत्सव का रूप देते समय उसे केवल धार्मिक कर्मकांड तक ही सीमित नहीं रखा। बल्कि आजादी की लड़ाई, तात्कालीन समाज में व्याप्त छुआछूत दूर करने और जाति, वर्ग,अमीर, गरीब के भेद से ऊपर उठकर समाज को एक रुपता प्रदान करने के लिए इससे बढ़कर उसे अंग्रेजो के खिलाफ एक आंदोलन का स्वरूप दिया। बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेशउत्सव का जो सार्वजनिक पौधारोपण किया वह समय के साथ बढ़ता चला गया। अंग्रेजो के विरुद्ध आजादी की लड़ाई में गणेश उत्सव से निर्मित सामाजिक और राष्ट्रीय एकता हथियार के रूप में सामने आने लगी। तिलक ने गणेश उत्सव को सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता का रूप दिया। उसके बाद महाराष्ट्र से यह उत्सव सम्पूर्ण भारत और दुनियां में मनाया जाने लगा। इस दस दिवसीय उत्सव का उल्लास पुणे और मुंबई में बड़े रूप में देखने को मिलता है। यहां विशाल गणेश पांडालों में झांकियां सजाई जाती है। देश के अन्य राज्यों में भी गणेश उत्सव परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। घरों, संस्थाओं, गली मोहल्लों में गणेश जी प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। बच्चो से जुड़ी प्रतियोगिताएं, खेलकूद, नाच, गाना, बजाना, सभी गली मोहल्लों, कालोनियों के लोगो को आपस में जोड़ देते है। गणेश उत्सव के दौरान बने रिश्ते समाज को आपस में जोड़ने का काम करते है। सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता की स्थापना में सहायक भूमिका निभाते हैं। पुणे के चर्चित गणेश पांडालों में जहां कस्बा गणपति, तांबड़ी जोगेश्वरी, गुरुजी तालीम, तुलसीबाग, केसरीवाड़ा दगड़ू सेठ गणेश पांडाल शामिल है तो देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में लालबागचा राजा, अंधेरीचाराजा, गणेश गली मुंबईचा राजा, खेतवाड़ी चा राजा, जीएसबी सेवा मंडल और गिरिगांव चा राजा गणेश पांडाल लोकप्रिय है। महाराष्ट्र से सटा एमपी भी अब गणेश पांडालों से सुसज्जित होने लगा है। यहां अनंत चतुर्दशी पर झिलमिलाती झांकियों का कारवा बरसों से निकल रहा है। एमपी के इंदौर में विभिन्न मिलो की झांकियां श्रमिको द्वारा बनाई जाती थी। समय के साथ नवीन गणेश मंडलों द्वारा झांकियां निकाली जाती हैं। दस दिन विशाल पांडाल में झांकियां सकती है, प्रसाद और भंडारों का दौर चलता है। गणेश उत्सव की इस कड़ी में एमपी की सीमा पर स्थित महाराष्ट्र से सटे अपने शहर सेंधवा का भी नाम शामिल करना चाहूंगा। जहां गणेश उत्सव की परंपरा बरसो से जारी है। दस दिवसीय गणेश उत्सव शहर के विभिन्न चौक चौराहों और कालोनियों में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यहां अनेकों सामाजिक संगठन अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में भागीदारी करते हुए झांकियों का निर्माण करते थे। इनमे महाराष्ट्र समाज सेवा संगठन, हिंदू समाज सेवा संगठन, दिनेश गंज एकता संगठन, जय भवानी एकता संगठन, पालीवाल समाज एकता संगठन, जय हिंद एकता संगठन, महाराज गली एकता संगठन आदि प्रमुख है। इन संगठनों में से कुछ अभी भी झांकियों का निर्माण करते है, कुछ नए संगठनों द्वारा झांकियां निकाली जाती है। दिनेशगंज एकता संगठन दस दिवसीय गणेश पंडाल का निर्माण करता है। यह क्रम अब भी जारी है।

यह पांडाल निमाड़ में सबसे प्रसिद्ध पंडांलो में शुमार है। गणेश उत्सव सांस्कृतिक रूप से भारतीय जनमानस में एकता स्थापित करने का प्रमुख सांस्कृतिक उत्सव है। बाल गंगाधर तिलक ने जिस सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता के स्थापन के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव मनाए जाने की प्रक्रिया का प्रारंभ किया था। इस उत्सव ने अंग्रेजों से आजादी के दौरान तो भारत को एक सूत्र में बांधने का काम किया था। आजाद भारत में भी गणेश उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक बना हुआ है।

**नरेंद्र तिवारी एडवोकेट**
**7; शंकरगली मोतीबाग**
**सेंधवा मप्र। मोबा - 9425089251**

## धीरज खंडेलवाल के जन्मदिन पर पहुँचे महापौर



इंदौर (श्याम सुंदर सोनी)। 4 सितंबर को अंबिकापुरी कॉलोनी निवासी एवं भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक धीरज खंडेलवाल के जन्मदिन के अवसर पर एक बड़ी पार्टी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जहां अंबिकापुरी सोशल ग्रुप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे, वहीं धीरज खंडेलवाल के करीबी मित्र भी बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम की जानकारी इस प्रतिनिधि को अंबिकापुरी सोशल ग्रुप के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद मालवीय, सचिव अनिल सोनी, संयोजक चैतन्य पाठक, उपाध्यक्ष सुरेश बंड, श्री नरेंद्र जी यादव, श्री कमल, श्री कमल सिंह जी डाबी एवं सोशल ग्रुप के सक्रिय सदस्य श्री राकेश जैन ने दी।

## गुरु गोविंद सिंह का इतिहास स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा



इन्दौर। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह लालपुरा के निर्देशानुसार, प्रदेश एडवाइजर गुरदीप सिंह भाटिया, त्रिलोचन सिंह भाटिया, अमरजीत सिंह, मनी सिंह भाटिया और सनी भाटिया ने शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर उन्हें गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादों के इतिहास की प्रति सौंपी। यह इतिहास मध्यप्रदेश के स्कूलों के आने वाले पाठ्यक्रम में शामिल होगा और पूरे प्रदेश में चार साहबजादों का इतिहास पढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर सिख समाज के वरिष्ठजनों ने शिक्षा मंत्री का स्वागत कर सम्मान किया।

## साईं सेवक अरविंद सिंह गौर केजन्म दिवस से विश्वव्यापी अभियान



इंदौर। साईं सेवक अरविंद सिंह गौर संचालक श्री साई बाबा प्रचार केंद्र को जन्म दिवस दिनांक 17 सितंबर को श्री साईं बाबा के महामंत्र श्री साईनाथाय नमः के करोड़ 51 लाख मंत्रों की श्रंखला का विश्वव्यापी अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

श्री साई बाबा के महामंत्र श्री साईनाथाय नमः का एक करोड़ 51 लाख मंत्रों का जाप विश्व जनजागृति अभियान के तहत श्री साईनाथाय नमः मंत्र का विश्व स्तर पर जाप अभियान दिनांक 17 सितंबर 2024 मंगलवार अर्थात श्री साई सेवक अरविंद सिंह गौर संचालक श्री साई बाबा प्रचार केंद्र इंदौर के जन्मदिवस के उपलक्ष पर श्री साई बाबा प्रचार केंद्र इंदौर में श्री साई सेवक अरविंद सिंह गौर द्वारा इसका श्री गणेश किया।

## भागीरथजी सिलावट महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पर गंभीर आरोप



इंदौर। भागीरथजी सिलावट शासकीय महाविद्यालय देपालपुर के प्राचार्य डॉ. अनीता जैन और प्रोफेसर डॉ. अनुपम वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष संतोष मारू पर प्राचार्य एवं प्राध्यापकों की झूठी, मनगढ़ंत और आधारहीन शिकायतें करने के आरोप लगे हैं।

प्राचार्य और प्रोफेसर का कहना है कि संतोष मारू ने महाविद्यालय के फर्नीचर का अनाधिकृत रूप से उपयोग किया और कार्यालयीन कर्मचारियों पर दबाव डालकर गोपनीय दस्तावेज प्राप्त किए। इसके अलावा, उन्होंने प्राचार्य और अन्य स्टॉफ के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को झूठी शिकायतें भेजीं, जिससे महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन ने उच्च शिक्षा विभाग को इन आरोपों से अवगत कराया है और बताया है कि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष का मुख्य दायित्व महाविद्यालय के विकास हेतु जनसहयोग से राशि एकत्रित करना होता है, लेकिन अध्यक्ष ने अपना समय झूठी शिकायतें करने में व्यतीत किया है।

## अधिवक्ता परिषद का 32 वां स्थापना दिवस मनाया

इन्दौर। अखिल भारतीय अधिवक्ता पारिषद जिला कोर्ट इंदौर ईकाई द्वारा जिला कोर्ट स्थित उकास लायब्रेरी हॉल में अखिल भारतीय अधिवक्ता पारिषद के 32 वे स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान करने के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालवा प्रांत ईकाई के अध्यक्ष उमेश यादव थे। कार्यक्रम की शुरुआत मे भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथि परिचय डैनी राठौर ने व स्वागत भाषण विजय देवांग ने दिया। मुख्य अतिथि उमेश यादव ने उदबोधन में अधिवक्ता परिषद् के उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र के बारे में बताया।

# दिगंबर जैन समाज के दस दिवसीय पर्युषण पर्व 8 सितंबर से

## श्रावक नियम संयम के साथ रहेंगे, आत्म-आराधना में लीन

इंदौर। दिगंबर जैन समाज के आत्म - आराधना के 10 दिवसीय पर्युषण पर्व इस वर्ष रविवार, 8 सितंबर 24 से धार्मिक प्रभावना के साथ प्रारंभ हो रहे हैं। इस दौरान शहर के सभी जिनालयों में विविध आध्यात्मिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि दि.जैन समाज प्रतिवर्ष भाद्रपद पंचमी से अनंत चतुर्दशी तक पूरे नियम, संयम और विधि विधान से 10 दिवसीय पर्युषण पर्व मनाते हैं। इस वर्ष पर्युषण पर्व 8 सितंबर से प्रारंभ हो रहे हैं, जो 17 सितंबर को संपन्न होंगे। इस पर्व की तैयारियां प्रारंभ हो गई है व मंदिरों में श्री जी की मूर्तियों का परिमार्जन श्रद्धालुओं द्वारा कर दिया गया है। इस अवसर पर शहर के मंदिरों में प्रतिदिन सुबह से धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्रियाएं जैसे श्री जी का अभिषेक, पूजन, मुनि संघों के प्रवचन आदि प्रारंभ हो जाएंगे। कुछ-कुछ मंदिरों में प्रातः श्रावक संस्कार शिविर भी लगाए जा रहे हैं। सांय काल मंदिरों में आरती, प्रवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इंदौर में विराजित सभी साधु - साध्वियों को दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद द्वारा कांच मंदिर पर आयोजित होने वाले क्षमावाणी कार्यक्रम हेतु श्रीफल भेंट कर दिए हैं।

श्री पाटोदी और जैन ने बताया कि धर्म के, दस लक्षण ,उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सोच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य, उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म होते हैं, जिनका पालन कर श्रावक आत्म - आराधना करते हैं। इस प्रकार इन 10 पर्वों को पर्युषण पर्व के रूप में दि.जैन समाज के श्रावक बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।

17 सितंबर को पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर श्री जी की शोभायात्रा, इतवारिया बाजार से प्रारंभ होकर मल्हारगंज, गोराकुंड खजूरी बाजार होते हुए पुनः वही पहुंचेगी। सूर्यास्त पूर्व श्री जी के कलश होंगे।

सेठ माणकचंद मगनीराम गोठ के अध्यक्ष श्री कमलेश कासलीवाल, अमित कासलीवाल एवं कार्यक्रम संयोजक श्री प्रिंस पाल टोंग्या ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इन 10 दिनों में कांच मंदिर प्रांगण पर सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

18 सितंबर को,विराजित मुनि संघ के प्रवचनों के पश्चात, सूर्यास्त पूर्व श्री जी के कल्शाभिषेक होंगे तत्पश्चात सामूहिक क्षमा - वाणी पर्व हर्षोल्लास से वही मनाया जाएगा।

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के परम संरक्षक श्रीमती पुष्पा कासलीवाल व एम के जैन, महामंत्री श्री सुशील पांड्या ,कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र सोनी, दिलीप पाटनी, रितेश पाटनी, मनीष गंगवाल सहित समस्त कार्यकारिणी ने समाज के बंधुओं को पर्युषण पर्व की शुभकामनाएं देते हुए इस अवसर पर होने वाले सभी कार्यक्रमों में पूरे मनोयोग से भाग लेने तथा सहयोग करने का आव्हान किया है।

## कोर्ट में जवाब पेश करने में अधिकारी बरतें सावधानी

इंदौर। हाईकोर्ट को गलत जानकारी देने पर मिली फटकार के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को चेताया है कि कोर्ट को गलत जानकारी देने से बाज आएं। ऐसी स्थिति बनने पर अब सरकार संबंधित अफसरों को इसके लिए जिम्मेदार मानकर कार्यवाही करेगी। दरअसल पिछले माह हाईकोर्ट में पेश किए गए एक एफिडेविट में गलत जानकारी देने पर कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई थी।

जीएडी द्वारा इसको लेकर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और अध्यक्ष राजस्व मंडल को पत्र लिखा है। इसके अलावा सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी निर्देश जारी कर कहा गया है कि कोर्ट के प्रकरणों के मामले में प्रभारी अधिकारी विशेषकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जबाव दावा या शपथपत्र पेश करने में पूरी सावधानी रखी जाए। कोर्ट में पेश किए जाने वाले जवाब, दावे या शपथ पत्र में जो भी कंटेंट लिखे जाएं वह विभाग में मौजूद मूल अभिलेखों से अलग नहीं हो यानी उसी भावार्थ और शब्दावली का हो। विभाग ने कहा है कि सभी अधिकारियों को यह भी ध्यान रखना है कि सतर्कता पूर्वक बिनी किसी तरह की गलती वाला जवाबदावा या शपथ पत्र कोर्ट में पेश किया जाए ताकि शासन का हित सुरक्षित रहे और किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने। इसका कड़ाई से पालन अधीनस्थ अधिकारियों से कराने को कहा गया है। गौरतलब है कि इसके पहले भी सरकार ने ऐसे मामलों को लेकर अधिकारियों को सावधानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

## प्रेस क्लब में विराजे मंगलमूर्ति श्री गणेश



इंदौर। गणेशोत्सव के शुभारंभ में आज श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब में भी पं. धीरेंद्र राजौरिया ने इंदौर प्रेस क्लब स्थित मां सरस्वती मंदिर में विधि-विधान से मंगलमूर्ति श्री गणेश जी को विराजित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, दीपक कर्दम, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी द्वारा पूजन कर महाआरती की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा, मोहन नरवरिया, डॉ. कमल हेतावल, मुकेश तिवारी, अर्पण जैन, लक्ष्मीकांत पंडित, राजेंद्र कोपरगांवकर, पंकज शर्मा, जयसिंह रघुवंशी, प्रवीण जोशी, कमलेश्वर सिसोदिया, उमेश शर्मा पुई, लोकेन्द्र चौहान, धर्मेन्द्र शुक्ला, बालकृष्ण मुले, सौरभ पंवार, दिनेश सालवी, चंदू जैन, राजेन्द्र गुप्ता, श्याम कामले, उमेश सेन, चेतन मोहनवानी, दीपक जैन, नितिन सोलंकी, आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में मीडिया के साथी उपस्थित थे।

# प्रेस्टीज प्रबंध संस्थान में 10-दिवसीय गणेश चतुर्थी समारोह की हुई भव्य शुरुआत

## छात्र- छात्राओं द्वारा भगवान् गणेश की आराधना में आकर्षक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए





**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** प्रेस्टीज प्रबंध संस्थान के यूजी कैंपस में दस दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव की शुरुआत अत्यंत हर्षोल्लाष एवं धार्मिक वातावरण में हुई। सुबह 11 बजे विघ्नहर्ता गणेश के प्रतिमा की स्थापना के पश्चात, उनकी पूर्ण वैदिक पद्धति से पूजा विद्वान् पंडित द्वारा की गयी। तत्पश्चात हवन एवं आरती का आयोजन हुआ जिसमें संस्थान के सैकड़ों छात्र, छात्राएं एवं फैकल्टीज पारम्परिक वेशभूषा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा भगवान् गणेश की आराधना में सुमधुर भजनों पर नयनाभिराम नृत्य प्रस्तुत किये गए। संध्याकाळ में भी संस्थान के फैकल्टीज द्वारा विघ्नहर्ता गणेश की आरती की गयी। गणेश चतुर्थी पर प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमेन डॉ डेविश जैन, वाईस चेयरमेन डिपिन जैन, डायरेक्टर्स हिमांशु जैन, केतन जैन पीआईएमआर के ग्रुप डायरेक्टर डॉ एस एस भाकर, डायरेक्टर कर्नल डॉ एस रमन अय्यर, पीआइइएमआर के सीनियर डायरेक्टर डॉ मनोज कुमार देशपांडे ने प्रेस्टीज शिक्षण समूह के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्रों, फैकल्टीज को शुभकामनाएं देते हुए मंगलकामनाएं की।





## महिला सशक्तिकरण का अहिल्या देवी बेहतरीन उदाहरण



इन्दौर। अभ्यास मंडल द्वारा 63 वी व्याख्यान माला का आयोजन जालसभा गृह, साऊथ तुकोगंज में किया गया। जिसका समापन गुरुवार को हुआ। समापन समारोह में भारतीय स्त्री का प्रतिमान देवी अहिल्या बाई विषय पर नागपुर की जानी-मानी वक्ता डॉ. मनीषा कोठेकर ने अपने विचार रखे। विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अहिल्या देवी एक बेहतरीन उदाहरण हैं, उन्होंने न केवल समाज की गलत चीजों को अस्वीकार किया बल्कि समाज सुधारने का हर संभव प्रयास किया। व्याख्यान के पश्चात ट्राफिक वार्डन राजेश लड्ढा को मंडल द्वारा आयोजित यातायात सुधार के कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया7 यह सम्मान मंडल अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, सचिव मालासिंह ठाकुर, सहसचिव मुरली खण्डेलवाल, समाजसेवी डॉ. मनीषा कोठेकर द्वारा दिया गया व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रेस क्लब में विराजे मंगलमूर्ति श्री गणेश

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** गणेशोत्सव के शुभारंभ में आज श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब में भी पं. धीरेंद्र राजौरिया ने इंदौर प्रेस क्लब स्थित मां सरस्वती मंदिर में विधि-विधान से मंगलमूर्ति श्री गणेश जी को विराजित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, दीपक कर्दम, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी द्वारा पूजन कर महाआरती की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा, मोहन नरवरिया, डॉ. कमल हेतावल, मुकेश तिवारी, अर्पण जैन, लक्ष्मीकांत पंडित, राजेंद्र कोपरगांवकर, पंकज शर्मा, जयसिंह रघुवंशी, प्रवीण जोशी, कमलेश्वर सिसोदिया, उमेश शर्मा पुई, लोकेन्द्र चौहान, धर्मेन्द्र शुक्ला, बालकृष्ण मुले, सौरभ पंवार, दिनेश सालवी, चंदू जैन, राजेन्द्र गुप्ता, श्याम कामले, उमेश सेन, चेतन मोहनवानी, दीपक जैन, नितिन सोलंकी, आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में मीडिया के साथी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अनिल गौड़ सम्मानित



इन्दौर। नगर निगम इन्दौर द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शा. सुभाष उ.मा.वि. बडागणपति इन्दौर के वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक इन्दौर वॉण्डर्रस इन्दौर के राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी और अखिल भारतीय कबड्डी फेडरेशन के राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी श्री अनिल गौड़ को सम्मानित किया गया।

शिक्षा के खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने उपरान्त् इन्दौर नगर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं शिक्षाविद सुश्री शौभा ताई पैठण्कर, डॉ सचिन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शुष्मा वैश्य ने शाल श्रीफल, सम्मान-पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदानकर रविन्द्र नाट्य ग्रह इन्दौर में सम्मानित किया गया।

# रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक ने लद्दाख में पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि देने गये प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया

इंदौर। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों की पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों का प्रतिनिधित्व करने वाले पुलिस अधिकारियों का एक 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल पर एकत्रित हुआ, जबकि तेलंगाना पुलिस के डीआईजी श्री एन. प्रकाश रेड्डी समूह के उप नेता थे।



एसपी श्री मयूर पाटिल, ने पुलिस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में गुजरात पुलिस का प्रतिनिधित्व किया जिसने मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एकजुटता के प्रदर्शन में, आईटीबीपी, आईटीबीएफ और भारतीय सेना के बहादुर अधिकारी और जवान भी शहीदों को सलामी देने में पुलिस दल में शामिल हुए, जो अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चौकसी बनाए हुए हैं।

समुद्र तल से 15,400 फीट की ऊंचाई पर वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास बीहड़ और दुर्गम इलाके में स्थित यह स्थल दस सीआरपीएफ कर्मियों के ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण बलिदान का प्रमाण है, जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

पूर्वी लद्दाख के बीहड़ और वीरान इलाके में स्थित यह स्मारक भारतीय पुलिस बलों के लिए एक पवित्र स्थल रहा है, जहाँ हर साल इन बहादुर अधिकारियों की याद में श्रद्धांजलि दी जाती है। 1960 में एक स्मरणोत्सव के रूप में शुरू हुआ यह समारोह देश भर के सेवारत और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के लिए एक अत्यधिक सम्मानित परंपरा बनी हुई है।

## छत से गिरकर युवक की मौत, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की



**शाजापुर, निप्र।** जिले के मक्सी कस्बे में छत से गिरकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

पुलिस सूत्रो के अनुसार शुक्रवार रात को सुभाष परमार पिता बापूलाल निवासी मक्सी घर की छत से नीचे गिर गया, जिसे उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने चेकअप के दौरान सुभाष को मृत घोषित कर दिया। शनिवार को जिला अस्पताल में युवक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मक्सी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## राजस्व महा अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों का किया निराकरण



**खण्डवा।** जिले में राजस्व महा अभियान के तहत 5893 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। नागरिकों को उत्तम सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु जिले की राजस्व टीम के द्वारा सफ्ल प्रयास किया गया। प्रदेश सरकार किसान, युवा तथा महिलाओ एवं गरीब वर्ग की सुविधाओं में विस्तार तथा उनका जीवन सहज एवं सरल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के किसानों को राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए दो चरणों में राजस्व महा अभियान का संचालन कर वर्षों से लंबित समस्याओं एवं राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराया है।

भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर खंडवा जिले में कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व अभियान का संचालन किया गया। इस कार्य में राजस्व अमले के साथ साथ अन्य विभागों का भी सहयोग लिया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत जमीन संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण के उ?द्देश्य के साथ चलाए गए अभियान के



माध्यम से 5893 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

राजस्व महा अभियान के माध्यम से समग्र खसरा ई-केवायसी कुल 499888 में से 171022, नक्शा तरमीम कुल 14264 में से 9822, नामांतरण के प्रकरण 1827 में से 1826, बंटवारा के प्रकरण 230 में से 230, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरण कुल 44 में से 44 किये गये। इस प्रकार राजस्व अभियान अंतर्गत खंडवा जिले को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है।

### मुख्यमंत्री आज खालवा में जनजाति छात्र प्रोत्साहन व सम्मान कार्यक्रम में होंगे शामिल, विदेश जा रहे युवक से भी करेंगे मुलाकात

# सरकार के सहयोग से खण्डवा के छोटे से गांव से निकलकर विदेश में पढ़ाई करेगा आदिवासी गरीब का बेटा

**खंडवा।। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में में एक आदिवासी किसान का बेटा अब विदेश लंदन हायर एज्यूकेशन करेंगा, खंडवा जिले के छोटे से गांव गारबेड़ी के रहने वाले आशाराम पालवी को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से 35 लाख रूपए की स्कॉलरशिप हायर एज्यूकेशन के लिए मिली है जिससे वो अब अपना सपना पूरा करेंगे।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आशाराम के संघर्ष की कहानी काफी लंबी है जो हर किसी को प्रेरणा देने वाली है, गांव की झोपड़ी से लंदन के सफर में इस युवक की मदद हरसूद विधानसभा के जन जन के नेता,आदिवासियों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले, गरीबों के दिलों पर राज करने वाले लोकप्रिय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने की, प्रदेश सरकार के जनजातिय कल्याण मंत्री विजय शाह के सहयोग से उच्च पढ़ाई की आशा रखने वाले आसाराम को विदेश में पढ़ाई करने के लिए 35 लाख रुपए का अनुदान दिलवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, संभवत जिले का यह पहला मामला है जब एक आदिवासी युवक को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की सरकार द्वारा लंदन में पढ़ाई करने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई है,



समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले के खालवा के गारबेड़ी गांव के रहने वाले आशाराम का पढ़ाई के प्रति बचपन से बेहद जुड़ाव था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने सरकारी स्कूल से हासिल की और पांचवी क्लास से जवाहर नवोदय विद्यालय पंधाना खंडवा में एडमीशन लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सेंट्रल यूनिवर्सिटी कर्नाटक से भूगर्भ शाखा में ग्रेजुएशन किया,आशाराम पालवी का जीवन संघर्षो से भरा है। उनका परिवार बेहद गरीब है और बूढ़े-माता एक झोपड़ी में रहते हैं। उनके पास करीब एक हेक्टेयर ही भूमि है जिस पर मेहनत कर और मजदूरी कर किसी तरह माता-पिता ने जितना हो सका बेटे को पढ़ाया। लेकिन जब विदेश में जाकर पढ़ाई करने की बात आशाराम ने माता-पिता से कही तो पैसे न होने की बात कहकर उन्होंने इंकार कर दिया था,आशाराम ग्रेजुशन के बाद वो लंदन पढ़ाई करने के लिए जाना चाहता था लेकिन घर की माली हालत के कारण सपना लगभग टूटने वाला था, माता-पिता के इंकार के बाद उम्मीद टूट ही रही थी कि तभी आशाराम ने एक दोस्त से मदद मांगी, फिर इस तरह से बात मंत्री विजय शाह तक पहुंची और मंत्री विजय शाह से मुलाकात कर आशाराम ने उन्हें अपनी समस्या बताई, मंत्री विजय शाह के प्रयासों से अब आशाराम को मप्र. शासन की ओर से 35 लाख रूपए की स्कॉलरशिप लंदन में हायर एज्यूकेशन करने के लिए मिली है, जिससे वो लंदन की यूनिवर्सिटी ऑफ लाइस्टर से जियोचाफिकल इन्फॉर्मेशन साइंस में एमएससी करेंगा, आशाराम पालवी के यह स्कॉलरशिप जनजाति कार्य विभाग की ओर से मिल रही है, इसके लिए उनके द्वारा भोपाल में आवेदन किया गया था, आसाराम को सहयोग प्रदान करने वाले मंत्री विजय शाह ने कहा कि सबका साथ सबके विश्वास के साथ हमारी सरकार गरीब,आदिवासी, किसानों की लगातार चिंता करती है एक आदिवासी पढ़ने वाले युवक के सपने को साकार करने में मैंने अपनी भूमिका निभाते हुए प्रदेश सरकार से लंदन में पढ़ाई के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई है जिससे उसका सपना पूर्ण होगा, आदिम जाति विभाग की सहायक आयुक्त आशा चौहान ने बताया की जनजातिया कार्य विभाग की योजना है जिसका नाम विदेश अध्ययन योजना है। इस योजना में अभी तक प्रदेश के

कई बच्चे इस योजना में चयनित हुए हैं, अभी वर्तमान में आशाराम पालवी का चयन हुआ है लंदन के लिए और वह इस योजना के माध्यम से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए विदेश जायेंगे, उनकी पढ़ाई की स्कॉलरशिप मध्य प्रदेश सरकार देंगी, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव दोपहर 1:00 बजे खंडवा जिले के खालवा में आएंगे और जनजातीय छात्र प्रोत्साहन व सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मध्य प्रदेश सरकार की सहायता से विदेश पढ़ने जा रहे युवक आशाराम पालवी से मुलाकात करेंगे।

## स्वच्छता के संदेश के लिए स्कूली बच्चों ने बनाई सुंदर रांगोली, की आकर्षक पेंटिंग



**खंडवा ।।** स्वच्छता में हमारा खंडवा नंबर वन बने इस हेतु महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में स्वच्छता को लेकर निगम प्रशासन अलग-अलग प्रयोग कर रहा है, नगर निगम प्रशासन द्वारा 7 सितंबर शनिवार को बैकलेन सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया शहर के विभिन्न वार्डों में बैकलाइन सफाई सौंदर्यीकरण अभियान के अंतर्गत रहवासियों द्वारा बैकलाइन की सफाई की गई,साथ ही रहवासी संघ के बच्चे और स्कूल के बच्चों द्वारा बेकलाइन में स्वच्छता संदेश को लेकर आकर्षक रंगोली बनाई गई एवं वॉल पेंटिंग का कार्य किया गया, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत 7 सितंबर बेकलेन सौंदर्यिकरण अभियान अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में बैकलाइन सफाई अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से किशोर नगर रहवासी संघ के बच्चों द्वारा वॉल पेंटिंग का काम किया गया, जिसमें श्रीमती जानकी अग्रवाल का विशेष योगदान रहा यहां वॉल पेंटिंग के बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए, सुनील जैन ने बताया कि इसी प्रकार झोन क्रमांक 6 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 45 में जीएमएस उर्दू स्कूल के बच्चों के सहयोग से रंगोली बनाई गई, झोन क्रमांक 3 के बुधवारा बाजार बेकलेन में रंगोली बनाई गई झोन 05 सिंधी कॉलोनी में बेकलेन की सफाई कर रंगोली बनाई गई, जहां रहवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ इस कार्य में झोन प्रभारी भुवन श्रीमाली, वार्ड प्रभारी जय खराले, वार्ड प्रभारी लोकश गाढ़े, योगेश सारसर, पवन गाढ़े,आई ई सी टिम से कुमारी दीपमाला कटारे, उमा हिरवे, दीपिका श्रीवास, संदीप खराले,रवि शर्मा उपस्थित र

### धर्मेंद्र जोहरी एवं बच्चों द्वारा बनाई गई मिट्टी की गणेश प्रतिमाओ का जेसीआई द्वारा हुआ निशुल्क वितरण

## पर्यावरण प्रेमी जौहरी द्वारा 12 स्थानों पर जाकर माटी के गणेशजी बनाना सिखाया

**खण्डवा।** शहर के सराफा व्यवसायी एवं पर्यावरण प्रेमी कलाकार धर्मेंद्र जौहरी द्वारा शहर व गांवों में अनेको वर्षो से कार्यशालाये आयोजित कर नो हजार से भी अधिक माटी की गणेश प्रतिमा बनाना सीखा चुके है। विशेष बात यह है कि आकर्षक गणेश प्रतिमा तैयार करने के आसान गुर सिखाने का काम पूरी तरह निःशुल्क करते है । प्रशिक्षण देते हुए भी कई प्रतिमा तैयार हो जाती है। जौहरी ने बताया इस वर्ष सामाजिक संस्थाओं संस्थाओं सहित स्कूल, कॉलेज , यूनिवर्सिटी सहित 12 स्थानों के आमंत्रण पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया।जिसमे बच्चे और बड़े सभी ने उत्साह से माटी की प्रतिमा बनाना सीखा। इस कार्य मे परिवार का पूर्ण साथ मिलता है,साथ ही रंगरोगन का कार्य तनुजा शाह ,स्वेता गोयल, आदि ने कीया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की मिट्टी से निर्मित की गई गणेश प्रतिमा रंगरोगन कर जेसीआई के तत्वाधान में जिनके द्वारा प्रतिमा निर्मित हुई उन्हें एवं श्रद्धालुओ को अग्रवाल धर्मशाला में शनिवार को एक कार्यक्रम के तहत



निशुल्क वितरित की गई, माटी माटी में ही मिल जाए उद्देश्य यही है कि हर घर माटी की प्रतिमा स्थापित हो ,माटी पवित्र और घुलनशील होती है। माटी में पंच तत्व का समावेश होता है जेसीआई अध्यक्ष जेसी ज्योति वालजंकर ने कहां की घर-घर में माटी की प्रतिमा स्थापित हो जिससे हमारी आस्था बनी रहे,इसी उद्देश्य को लेकर जेसीआई की पूरी टीम इस नेक कार्य मे लगी है, सचिव हर्षदीप अग्रवाल ने बताया की मिट्टी की प्रतिमा पूजन से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है,पर्यावरण शुद्ध रहता है।यही उद्देश्य है कि हर घर माटी की प्रतिमा स्थापित हो, खंडवा जेसीआई द्वारा 15 दिन से मिट्टी के गणेश बनाओ कार्यशाला चल रही थी, जिसमें बच्चों ने बहुत लगन से यह गणेश जी बनाएं , उन सभी को गणेश जी की प्रतिमा वितरित की गई, इस अवसर पर सुनील जैन ने कहा कि खंडवा जेसीआई का बहुत बढ़िया प्रयास है,और हमें लगातार सफलता मिल रही है, पर्यावरण की रक्षा के लिए धर्मेंद्र जोहरी द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं विगत कई वर्षों से बनाई जा रही है,जो पर्यावरण के लिए एक अच्छा संदेश है, नारायण बाहेती ने कहा कि मिट्टी के द्वारा बनाई जा रही प्रतिमा की क्रांति लगातार चलना चाहिए,सुरेंद्र सोलंकी ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने वाले बच्चों की तारीफ की, योगेश कोटवाले ने कहा कि हम बच्चों को जैसे संस्कार देंगे वही उनको आगे मंजिल पर पहुंचाएंगे, कार्यक्रम का

## आनंद कुमार जैन 'विश्वगुरु भारत गौरव सम्मान 2024' से सम्मानित



**खंडवा।** साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु शिक्षक आनंद कुमार जैन को विश्व गुरु भारत गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री सत्य इंदिरा फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री जैन शिक्षा साहित्य एवं समाज सेवा मे उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं वर्ष 2003 में आपको युवा प्रतिभा सम्मान एवं 2006 में विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी द्वारा राज्य स्तरीय स्वामी महावीर सम्मान से वर्ष 2022 में विधानसभा भोपाल में राज्य स्तरीय स्तरीय गिजुभाई सम्मान से सम्मानित किया गया था। आप लगातार अध्ययन, अध्यापन, अनुसंधान शैक्षणिक अनुप्रयोग एवं नवाचार में संलग्न है। आप पाठ्यक्रम के शिक्षा के साथ-साथ मानवीय एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा लगातार प्रदान कर रहे हैं। आप मानवीय और नैतिक मूल्यों की पाठ सामग्री और टीएलएम सतत तैयार कर रहे हैं। प्रबंधन विषय अंतर्गत आपने भारत के पारंपरिक ज्ञान पर आधारित कुछ प्रबंधन के सिद्धांत भी प्रतिपादित किए हैं।

# प्रचार वाहन को प्रधान जिला न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**शाजापुर, निप्र। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर शाजापुर न्यायालय में आगामी 14 सितंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत लगेगी। जिसको लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ललित किशोर ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

इस दौरान प्रधान जिला न्यायधीश एवं अध्यक्ष ललित किशोर ने कहा कि पक्षकार न्यायालयीन लंबी प्रक्रिया से बचने नेशनल लोक अदालत में सहमति बनाकर पक्ष रखें। उनके प्रकरणों का निराकरण होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया वे राजीनामे योग्य मामलो में पक्षकारों को जागरूक करें। नेशनल लोक अदालत में शामिल होने प्रेरित करें।

प्रधान जिला न्यायधीश एवं



अध्यक्ष ने बताया कि 14 सितंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक राजीनामे योग्य प्रकरणों की सुनवाई होगी। अधिवक्ताओं से अपेक्षा जताई कि वह अपने पक्षकारों को लोक अदालत के लाभ के बारे में बताए। सिविल, आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना क्लेम, विद्युत, पारिवारिक विवाद, श्रम, सहकारिता और अन्य प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर अदालत में किया जायेगा। इस अवसर पर बैंक लोन बकाया, विद्युत बिल बकाया, नगर पालिका के जलकर और संपत्ति कर पर दी जा रही नियमानुसार छूट का लाभ भी पक्षकारों को मिलेगा।

इस अवसर पर मोहम्मद अजहर विशेष न्यायाधीश, जिला न्यायाधीशगण श्रीमती नीतूकान्ता वर्मा, मुकेश रावत, दिनेश कुमार नोटिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिराज अली, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुनयना श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीशगण आदिल अहमद खान, डॉ स्वाती चौहान, सतीश कुमार शुक्ला, फारूक अहमद सिद्दीकी जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं अधिवक्ता संघ पदाधिकारी और वकील उपस्थित थे।

## 8 से 18 सितंबर तक 10 लक्षण पर्व मनाया जाएगा

**खंडवा।** वर्ष 2024 के अंतर्गत पर्यूषण पर्व 8 सितंबर, ऋषि पंचमी से प्रारंभ हो रहा है ।यह 18 सितंबर तक चलेगा ।पर्यूषण पर्व को 10 लक्षण पर्व भी कहते हैं। दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार 10 लक्षण पर्व शाश्वत पर्व है। यह वर्ष में तीन बार आता है ।चातुर्मास के दौरान जो पर्यूषण पर्व आता है उसे विशेष रूप से मनाया जाता है ।पर्यूषण पर्व में क्षमा,मांर्दव,आर्जव शोच संयम तप ,त्याग ,आकिंचन , ब्रह्मचर्य रूप 10 धर्म की उपासना की जाती है। जैन धर्म मानने वाले श्रावक इन दिवसों में अपना आचरण संयम तप त्याग मय बनाते हैं। 10 लक्षण पर्व का महत्व सार्वभौमिक एवं सर्वकालिक है। 10 लक्षण पर्व के समापन पर क्षमावाणी दिवस मनाते हैं।

# कानूनी जागरूकता कार्यक्रम सह पोषण सह हब क्विज का हुआ आयोजन

**रतलाम ।महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा के सफल मार्गदर्शन, सहायक संचालक एवं हब की नोडल अधिकारी सुश्री अंकिता पण्ड्या के सशक्त नेतृत्व और ''सखी'' वनस्टॉप सेण्टर रतलाम-1 की केन्द्र प्रशासक श्रीमती नीता परिहार के समन्वय और जैन विद्या मंदिर निकेतन हायर सेकण्डरी स्कूल की प्राचार्या श्रीमती मृदुला शर्मा के सहयोग से कक्षा 9 से 12 तक के बालक बालिकाओं हेतु हब के सप्ताह 12 ''कानूनी जागरूकता सप्ताह'' का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अनुराधा भोंसले द्वारा किया गया । कार्यक्रम के दौरान हब की लिपिक श्रीमती यशोदाकुंवर राजावत द्वारा भारत शासन क मिशन शक्ति योजना की ईकाई हब की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। हब की 100 दिवसीय कार्ययोजना के साथ ''कानूनी जागरूकता सप्ताह'' के बारे में अवगत कराया गया। उपस्थित बालक-बालिकाओं को पौष्टिक आहार के सेवन, लैंगिक संवेदनशीलता, बाल विवाह निषेध अधिनियम, साईबर क्राईम के



लिए जारी 1930 नंबर, महिला एवं बालिकाओं के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाईन नंबर, साईबर क्राईम से बचाव हेतु ''क्या करें'', ''क्या न करे'' की जानकारी दी गई। साथ ही प्राचार्या के माध्यम से बालक-बालिकाओं को चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर एवं साईबर क्राईम से सुरक्षा पर बने पैम्फलेट वितरित कराए गए। वनस्टॉप सेण्टर रतलाम 1 की लीगल केस वर्कर श्रीमती कृष्णा मीणा द्वारा बालक-बलिकाओं को पास्को एक्ट, 3 नये कानून की जानकारी सांझा की गई। कार्यक्रम के अंत में बालक-बालिकाओं को समझाई गई ज्ञानवर्धक बातों मे से प्रश्न बनाकर ''आकस्मिक हब क्विज'' का आयोजन हुआ, जिसमें बालक-बालिकाओं द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया। तत्काल सही उत्तर देने वाले 5 चयनित बच्चों को महिला बाल विकास परिवार द्वारा पुरूस्कार दिया गया। ''आकस्मिक हब क्विज'' में 5 विजेता रहे-लीलम राठौर, आंचल सिलावट, कार्तिक पण्ड्या, जय कुमार एवं टीया सेन। कार्यक्रम में हब अन्तर्गत् डीईओ पीएमएमवीव्हाय इमरान अहमद,एमआईएस ऑपरेटर श्री अभिषेक श्रीवास्तव के साथ विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती बिन्दु शर्मा, श्रीमती आरती असाठे एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। महिला बाल विकास रतलाम की ओर से विद्यालय परिवार का आभार केस वर्कर श्रीमती कल्पना योगी द्वारा माना गया।

## मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार डॉक्टर मोहन यादव आज दोपहर 1 पहुंचेंगे खालवा

### जनजाति छात्र प्रोत्साहन व सम्मान कार्यक्रम में होंगे शामिल, मुख्यमंत्री श्री यादव आज दोपहर 3 बजे ग्राम खुदिया भी पहुंचेंगे शोक संवेदना व्यक्त करने



**खंडवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री बनने के पश्चात पहली बार हरसूद विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र खालवा में आ रहे हैं, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश के जनजाति कल्याण मंत्री विजय शाह के अनुरोध पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार को दोपहर 12:00 बजे उज्जैन इंदौर से हेलीकॉप्टर के माध्यम से रवाना होकर दोपहर 1:00 बजे खालवा पहुंचेंगे, मुख्यमंत्री और मंत्री विजय शाह प्रदेश सरकार की ओर से विदेश में पढ़ाई करने जा रहे पांच विद्यार्थी एवं आकांक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे, हमारे जिले के लिए हर्ष का विषय है कि मंत्री विजय शाह के प्रयासों से आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थी आसाराम पालवी का चयन विदेश यात्रा में पढ़ाई के लिए मंजूर हुआ है, मुख्यमंत्री और मंत्री विजय शाह आसाराम पालवी का भी सम्मान करेंगे, सम्मान कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खालवा से दोपहर 2:30 बजे हेलीकॉप्टर के माध्यम से रवाना होकर दोपहर 3:00 मंत्री विजय शाह के बड़े भाई अजय शाह के निधन पर ग्राम खुदिया उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे, दोपहर 3:30 खुदिया सिराली से मुख्यमंत्री श्री यादव उज्जैन के लिए रवाना होंगे।

## बालाजी ग्रुप द्वारा गणेश चतुर्थी पर वृक्ष पुनर्जीवन यात्रा निकाली



**खंडवा।** बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं कोलोनाएजर रितेश गोयल के मार्गदर्शन में आज गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर आज 1 बजे वृक्ष यात्रा शुरू की गई यात्रा जाट मोहल्ले से अशोक जाट के परिसर में लगे 50 साल पुराने पीपल के वृक्ष को डेविड जी के नेतत्व में (वृक्ष स्थानांतरित एक्सपर्ट)एक बड़े ट्राले में रखकर अंजनी बालाजी नगर कॉलोनी से होकर , गणेश गौशाला, दादाजी मंदिर से होकर ,गोल जोशी ग्राम में अशोक जाट के खेत में लगाया गया 7 बालाजी ग्रुप ने अभी तक 25 वृक्ष पुनर्जीवन कर चुके है वृक्ष हस्तांतरित करने में बालाजी ग्रुप के अथक प्रयासों से प्रशासन से परमिशन मिली और वृक्ष पुनर्जीवन का सिलसिला शुरू हुआ सौ साल पुराने वृक्ष को बड़ी बड़ी क्रेन जेसीबी बड़ा ट्राले से पेड़ो को हैदराबाद से आए एक्सपर्ट द्वारा वृक्ष स्थांतरित की प्रक्रिया शुरू की गई जो बैंड बाजे से वृक्ष पुनर्जीवन यात्रा को निकाली गई7आज की वृक्ष पुनर्जीवन यात्रा के इस अवसर पर बालाजी ग्रुप के संस्थापक एव कोलोनाएजर रितेश गोयल, मंगल यादव(भाजपा नेता),अनूप पटेल (भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष खंडवा), पिंकू अग्रवाल,रोहित सेठी,सुनील मालवीय, अर्पित पूरी,भगवान पटेल दोदवाडा, धीरज शर्मा, लाला जाट, हिमांशु राज, टोनी मगवानी,अनिल पासी,आनंद सैनी आदि मौजूद थे। ट्राला नितेश सोमवंशी(बब्बू भईया) के द्वारा दिया गया। वृक्ष काटे नही पेड़ बचाव जीवन बचाव7 वृक्ष स्थांतरित करने में बालाजी ग्रुप हमेशा तत्पर्य रहेगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणेश जी की प्रतिमा को विराजित किया



**खंडवा,** हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कल्याणगंज विद्यालय में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुभ मुहर्त में गणेश जी की प्रतिमा को विराजित किया गया ढोलक की थाप पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नृत्य करते हुए बप्पा का विद्यालय में शुभ आगमन कराया साथ ही पंडित जी के द्वारा पूजन कराया गया व प्रसादी का वितरण हुआ इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्रीमती शोभा तोमर,प्रधानाचार्य दिलीप जी सपकाले,राधेश्याम जी चौहान सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सक्षम,लायन्स व लियो क्लब खण्डवा ने किया नेत्रदान जागरूकता आयोजन

### नेत्रदान पखवाड़े में नेत्रदान के प्रति जागरूक कर भराये नेत्रदान घोषणा पत्र




**खण्डवा।** सक्षम संस्था खण्डवा,लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा जिला अंधत्व निवारण समिति व नेत्रदान एवम देहदान जनजागृति समिति के सहयोग से राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा 25 सितंबर से 8 सितंबर तक मनाया जा रहा हैं।संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि नेत्रदान पखवाड़े का उद्देश्य लोगो को नेत्रदान के महत्व के बारे में शिक्षित करना ,मिथकों को दूर करना,और लोगो को मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

अभियान का उद्देश्य प्रत्यारोपण के लिए कार्निया की कमी को दूर करना और सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ना भी है।नेत्रदान को महादान कहा जाता है,क्योंकि इस दान से दृष्टिहीन लोगो को दुनिया देखने का मौका मिलता है।नेत्रदान पखवाड़े के तहत जिला चिकित्सालय परिसर में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नेत्रदान जागरूकता युक्त पम्पलेट का वितरण किया गया।लोगो को जागरूक करने हेतु नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली गई।जागरूकता कार्यक्रमो से प्रेरित होकर 110 व्यक्तियों ने मरणोपरांत नेत्रदान घोषणा के संकल्प पत्र भरकर दिए।

सक्षम अध्यक्ष नारायण बाहेती, सचिव सुरेन्द्रसिंह सोलंकी,कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा,लायन्स क्लब अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा कोषाध्यक्ष वसीम कुरेशी लियो क्लब खण्डवा अध्यक्ष अर्पित बाहेती, सचिव सुमित परिहार कोषाध्यक्ष शिवम जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम में नेत्र टेक्नीशियन प्रहलाद तिरोले,राजीव मालवीय,गांधी प्रसाद गदले,सनत श्रीमाली,सुशीला गदले,वीना अठोत्रा,रांजन बहेल,अनिल बाहेती ने नेत्रदान से सम्बंधित महत्वपूर्ण की जानकारी दी।

## ओंकारेश्वर के अनेक स्थानों पर गणेश की स्थापना की गणेश मंदिरों पर छप्पन भोग लगाकर मंदिरों को सजाया



**ओंकारेश्वर (निप्र)।** धार्मिक नगरी ओकारेश्वर में विराजे गणपति पिता शिव की नगरी में श्री गणेश की स्थापना अनेक स्थानों पर की गई। कई सार्वजनिक स्थानों पर गणपति विराजे तो कहीं प्राचीन चमत्कारी गणपति मंदिरों को विशेष श्रंगार कर पूजा अर्चना कर 56 भोग लगाया। ओंकारेश्वर शिव पिता की नगरी में पुत्र श्री गणेश की होगी आज स्थापना सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियां का हुआ गठन। धार्मिक नगरी ओंकारेश्वर के कई स्थानों पर बनाए जा रहे पंडाल ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में जगह-जगह श्री गणेश की स्थापना की तैयारी को लेकर समितियां का गठन भी किया जोड़ गणपति हनुमान के महंत मंगलदास त्यागी ने सभी से सार्वजनिक उत्सव धूमधाम से जिला प्रशासन के निर्देशों के तह त धार्मिक गणेश उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील सार्वजनिक समितियां से की है।

## प्राण घातक हमले से बची सीएमओ मोनिका पारधी ने कहा बाबा के आशीर्वाद व सभी के प्यार ने मुझे बचाया





**ओंकारेश्वर -( ललित दुबे)।** नगर परिषद छनेरा हरसूद की सीएमओ श्रीमती मोनिका पारधी पर हमला होने के बाद ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर बाबा के दरबार में छोटे बच्चे स्वनाय बोपचे पति एवं परिवार के साथ ओंकारेश्वर पहुंचकर बाबा की पूजा अर्चना पंडित डंकेश्वर दिक्षित ने कराई वैदिक ब्राह्मण के गगनभैदी मंत्र कर के साथ की श्रीमती मोनिका पार्टी ने पत्रकारों से चर्चा में कहा बाबा ओंकारेश्वर मां नर्मदा की असीम कृपा से ही में बची हूं।

मैं बाबा का यहां धन्यवाद करने आई हूं तथा कहा मुझ पर नगर परिषद छनेरा कार्यालय में जो प्राण घातक हमला हुआ उस पर मैं भी यकीन नहीं कर पा रही हूं सभी के स्नेह प्यार एवं बाबा के आशीर्वाद ने ही मुझे बचाया है।प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त ओंकारेश्वर के साथ साथ पुरे प्रदेश के नगरीय निकाय परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने मेरे समर्थन विरोध स्वरूप एक दिन का अवकाश लिया ओंकारेश्वर नगर परिषद ने भी ज्ञापन सोपा तथा मीडिया का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपने समाचार पत्रों एवं चैनल में प्रमुखता से खबर को उठाया सभी का आभार व्यक्त करती हूं। मोनिका पारधी ने कहा कि घटना को गंभीरता से लेते हुए सभी की मांग पर मुझे सशस्त्र सैनिक सुरक्षा की दृष्टि से शासन ने प्रदान किया है जिसने हरसूद थाने में आमद दे दी है।

## अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया



**खंडवा /हरसूद**:- अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में धार्मिक विधि विधान से भगवान् गणपति की मिट्टी बाल गणेश की स्थापना की गई। विद्यालय के प्राचार्य नारायण प्रसाद शर्मा ने पूरी विधि से पूजन सम्पन्न कराई। श्री शर्मा ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से गणेशोत्सव आरंभ होता है। यह महोत्सव पूरे 10 दिन तक चलता है उसके बाद प्रतिमा का अनन्त चतुर्दशी को विसर्जन होता है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे। नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व गणेश जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान् गणेश को ज्ञान , बुद्धि और विद्या के देवता के रूप में माना जाता है । विद्यार्थियों के लिए गणेश चतुर्थी का दिन अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह दिन उनकी शिक्षा और बुद्धिमत्ता में वृद्धि के लिए अनुकूल माना जाता है । इस दिन किए गए कुछ विशेष उपाय विद्यार्थियों को अच्छी विद्या और बुद्धि पाने में सहायक हो सकते हैं। विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी के दिन प्रातः काल उठकर स्नानादि कर स्वच्छ वस्त्र धारण करना चाहिए । उसके पश्चात् भगवान् गणेश की प्रतिमा या चित्र के समक्ष घी का दीपक जलाकर पूजा करनी चाहिए। एकाग्रचित्त बैठकर 108 बार ।।? गं गणपतये नमः।। का जप करना चाहिए। यह मन्त्र एकाग्रता को बढ़ाने में अत्यधिक प्रभावशाली है। गणेश जी को 21 दूर्वा अर्पित करें। गणेश जी प्रसन्न होते हैं और विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई में सफलता और ध्यान केंद्रित करने की शक्ति प्रदान करते हैं। मोदक का भोग लगाए इसके बाद प्रसाद स्वरूप मोदक का सेवन करें मोदक का भोग लगाने से गणेश जी प्रसन्न होते हैं ज्ञान और विवेक प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी के दिन गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करना चाहिए। यह पाठ अत्यधिक शुभ कारक है इससे स्मरण शक्ति बढ़ती है और पढ़ाई में अच्छे अंक प्राप्त हो सकते हैं। विद्यार्थियों ने संगीत के साथ आरती की पूरी तैयारी शाला के शिक्षक मनीष अपूर्वा ने एवं छात्रों ने की यजमान के रूप में (सपत्नीक) मनीष साकल्ले श्रीमती श्वेता साकल्ले ने पूजन अर्चन की। देवेन्द्र पाण्ड्या, मंजुला शर्मा, पलक पाराशर, प्रवीण यादव, हेमंत सोनी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने मिलकर उत्साह मनाया।

## कु. कृतिका त्रिवेदी का यु एस ए की माइक्रोंन टेक्नोलॉजी कंपनी में चयन



**ओंकारेश्वर ( नि प्र)** ओंकारेश्वर निवासी कुमारी कृतिका त्रिवेदी पिता अश्विनी कुमार त्रिवेदी का यु एस ए की माइक्रोन टेक्नोलॉजी कंपनी में चयन हुआ कृतिका त्रिवेदी ने एमएसएमई भोपाल में अध्ययन कर प्राविण्य सुची मैं अपना स्थान बनाया । अपनी योग्यता के आधार पर यु एस ए की कंपनी माइक्रोंन टेक्नोलॉजी में साक्षात्कार देकर अपना स्थान सुनिश्चित किया वर्तमान में कंपनी की ब्रांच अहमदाबाद गुजरात में है जहां पर 9 सितंबर को उनको ज्वाइन करना है। कुमारी कृतिका त्रिवेदी ने अपने इस सफलता का श्रेय श्री पंचमुखी गणेश जी,श्री ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग कृपा के साथ ही माता पिता एवं एमएसएमई भोपाल कै सभी फैकल्टी को दिया है सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है और सभी स्नेहीजानो के आशीर्वाद की कामना की है।

### 68 वाहन चालको के विरुद्ध MVACT के तहत की गई कार्यवाही

## जिले मे 05 आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे कुल 27 गिरफ्तारी वारंट, 03 स्थाई वारंट, 27 जमानती वारंट, 58 समंस जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग अलग न्यायालय के तामील किये गए।

जिले मे दिनांक 06.09.24 को अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना पदमनगर में आरोपी प्रवीण पिता भैयालाल यादव उम्र 48 साल जाति गवली निवासी संतोषी माता मंदिर के पीछे इन्दौर रोड खण्डवा के कब्जे से 18 क्वाटर देशी मदीरा शराब के कीमती 1260/-रुपये की जप्त की गई। थाना जावर में आरोपी जितेन्द् पिता ब्रजकिशोर मालवीय जाति कलाल उम्र 48 साल निवासी ग्राम जावर के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 1000/- रुपये की जप्त की गई।

थाना मूँदी में आरोपी लक्ष्मण पिता दप्पु राटोर 40 साल निवासी फिफराड के कब्जे से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1350/- रुपये की जप्त की गई। थाना मांधाता में आरोपी राजेश पिता जगदीश उम् 34 साल निवासी गाम कोठी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1000/- रुपये की जप्त की गई। थाना हरसूद में आरोपी अरुण पिता श्रीराम माण्डले उम्र 22 साल निवासी छनेरा के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेन कीमती 1340/- रुपये की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

जिले मे यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 68 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 28700/-रुपये वसूल किए गए है। साथ ही उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं थाना प्रभारी यातायात खंडवा द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है अन्यथा एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं वाहन जप्त किए जाएंगे। जिले के विभिन्न थानो मे कुल 58 असामाजिक तत्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 ब्नहस्स के तहत 33 प्रकरण 41 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 ब्नहस्स तहत 08 प्रकरण 08 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 ब्नहस्स तहत 10 प्रकरण 10 अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 20 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही कराई गई है।

## सद्भावना मंच में आए उपकुलपति तथा दो प्राचार्य



**खंडवा।** सद्भावना मंच में शिक्षक दिवस के अवसर पर आमने-सामने कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें सीवी रमन विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ अरुण जोशी, रजिस्ट्रार रवि चतुर्वेदी, दादाजी इंजीनियरिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ सपना अरझरे, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज नरवरे, आए। मंच द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। सभी अतिथियों ने अपने-अपने संस्थानों में किए जा रहा है नवाचारों के बारे में तथा शिक्षा जगत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया।सीवी रमन विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ जोशी ने उनके विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ ही कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे हैं नए-नए प्रयोग के बारे में तथा उन्नत किस्म के कृषि उत्पाद पैदा करने के बारे में बताया। सर्वप्रथम शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सभी अतिथियों ने उनके बारे में जानकारी दी। सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने सभी अतिथियों का शाल, मोती की माला, श्रीफल से सम्मान किया। सदस्यों ने गुरुजनों के साथ ही देश के सभी शिक्षकों को नमन किया। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, पूर्व अधीक्षक सुरेंद्र गीते नेता प्रतिपक्ष मालू राठौर भाजपा प्रवक्ता सुनील जैन शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार, पूर्व स्टेशन मैनेजर एन के दवे, डॉ जगदीश चौरे,महेश मूलचंदानी, पार्षद मोइन खान राधेश्याम शाक्य प्रशिक्षक,अमीन खान, अर्जुन बुंदेला, डॉ एम एम कुरैशी, सुभाष मीणा, सहित अन्य मौजूद थे।

## खंडवा शहर में जिलाबदर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा जिलाबदर के आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे। थाना मोघट रोड के जिला बदर के आरोपी भुरु उर्फ जुबेर पिता फजल मोहम्मद उम्र 40 साल निवासी रामेश्वर टेकड़ा थाना मोघट रोड खंडवा के विरुद्ध जिला बदर का प्रकरण तैयार कर जिला दंडाधिकारी खंडवा के यह प्रस्तुत किया गया था, जहां से दिनांक 22.04.2024 को आरोपी के विरुद्ध 6 माह के लिए जिलाबदर का आदेश पारित हुआ था। दिनांक 07.09.24 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रामेश्वर टेकड़ा खण्डवा मे आरोपी भुरु उर्फ जुबेर को देखा गया है। इस सूचना पर थाना मोघट रोड के सउनि इन्द्रजीतसिंह, आरक्षक 758 पंकज साहू, आरक्षक 113 दुर्गाप्रसाद, आरक्षक 187 शेखर, आरक्षक 820 राहुल द्वारा रामेश्वर टेकड़ा पहुच कर आरोपी भुरु उर्फ जुबेर थाना मोघट रोड खण्डवा को पकड़कर उस पर अपराध क्रमांक 349/2024 धारा 14 म.प्र.राज्य सुरक्षा अधि. का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी भुरु उर्फ जुबेर पिता फजल मोहम्मद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय खण्डवा में पेश किया गया है। जहाँ से उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया।

**नाम पता आरोपी**- भुरु उर्फ जुबेर पिता फजल मोहम्मद उम्र 40 साल निवासी रामेश्वर टेकड़ा थाना मोघट रोड खंडवा।

**सराहनीय भूमिका**- निरीक्षक धीरेश धारवाल, उप निरीक्षक सुभाष नावडे, सउनि इन्द्रजीतसिंह, आरक्षक 758 पंकज साहू, आरक्षक 113 दुर्गाप्रसाद, आरक्षक 187 शेखर एवं आरक्षक 820 राहुल की सराहनीय भूमिका रही है।

# इन्दौर में क्रांतिकारी शताब्दी वर्ष 1924 से 2024 गणेशोत्सव

### ऐतिहासिक झाकियों की धरोहर जो भुलाई नहीं जा सकती

इन्दौर शहर का श्रीगणेश विसर्जन जुलूस सारे देश में अपने ढ़ंग का अनोखा जुलूस रहा हैं। बम्बई और पूणे में भगवान गणेश की विशाल मूर्तियों को विसर्जन निकलता हैं। ये मूर्तियां मिट्टी व प्लास्टर ऑफ पेरिस की 8 से 15 फीट उची तक होती है साथ में भजन मंडिलयां होती है वहां गणेशोत्सव के 10 दिवसीय रात्रि कार्यक्रमों पर हजारो-लाखों रूपये खर्च करके विशाल मण्डपों को अत्याधुनिक साधनों से अत्यधिक आकर्षक बनाया जाता है। फिर भी इन्दौर की कपड़ा मिलों द्वारा निकाली जाने वाली चलित झाकियां देशभर में अद्वितीय रही हैं। इन्दौर निवासियों के जितने भी नाते-रिश्तेदार, बाहर शहर-गांव में रहते हैं उन सबको झाकियों की शोभा यात्रा देखने इन्दौर अवश्य आने का आग्रह किया जाता था। ऐसे हजारों लोग बम्बई, दिल्ली, अहमदाबाद, ग्वालियर, भोपाल आदि स्थानों से भी आते थे। उज्जैन, धार, रतलाम, देवास व खरगोन आदि तक के नागरिक और ग्रामीणों की अपार भीड़ इन्हें देखने आती थी। यद्यपि अब कई शहरों उज्जैन, रतलाम, खण्डवा, देवास, धार आदि में भी इन्दौर जैसी ही चलित झाकियां निकलने लगी हैं।

विसर्जन जुलूस की श्रीगणेश झाकियां अनंत चतुर्दशी के बाद तीन दिन तक मिलों में दर्शनार्थ रखी जाने के कारण इन्दौर की 50 प्रतिशत जनता मिलों में जाकर ही अच्छी तरह 10-20 मिनिट खड़ी होकर झाकियां निहारने में अधिक आनंद पा लेती हैं। विसर्जन जुलूस में तो धक्के-मुक्के, भागदौड़, धींगा-मस्ती के साथ होने वाले शोरगुल के कारण अधिकांश जनता घबराकर घर पर ही रहना पसंद करती रही हैं। घर के सुनेपन में चोरी-डकैती का खतरा भी तो रहता है। झाकियों के काफी देरी से निकलने के कारण रात 2-2 बजे तक पराये घर या होटलो, फुटपाथों पर बैठे-बैठे हाथ-पांव अकड़ जाते हैं। पानी, पेशाब की परेशानी रहती हैं और नींद की उबासियां भी आने लगती हैं। हर मिल की झांकी ने 1-1, 2-2 घंटे की लेटलाली भी दुखदाई होती रही हैं।

इन्दौर तथा दूर-दूर के लाखों नर-नारी पिछले वर्षो मिलों में श्रीगणेश विसर्जन की विराट शोभायात्रा (जुलूस) की अनुपम, अद्भुत दृश्यावली के साक्षात दर्शन (दूरदर्शन अर्थात् केबल दूर से दर्शन) के लिए खुशी-खुशी अनेक आपदाऐं सारी रात उठाते रहे हैं। भारतीय स्वतंत्रता प्राप्ति के 'गौरव पर्व' की अमर कीर्ति के रूप में इन्दौर की आन-बान-शान और पहचान में बेजोड़ मजदूरों की ओर से भेंट की गई यह सांस्कृतिक धरोहर हैं। यह परम्परा समाप्त न होने पाये।

गणतंत्र के देयता श्रीगणेश से अभ्यर्थना है। भारतीय आजादी को हर प्रकार के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक संकटों से षडयंत्रों से बचाना। मजदूरों ने इन झाकियों के द्वारा भारतीय धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक महानताओं के साथ राष्ट्र में भी व्याप्त अनाचार, भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, साम्प्रदायिक दंगा आदि को राष्ट्रीय कलंक मिटाने के लिए डंके की चोट उन बुराईयों को झाकियों में दर्शाया है। इन झाकियों को झरोखों में बैठे-बैठे निहारने वालों में राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भावना, सर्वधर्म समभाव, सर्वजन हिताय और (बहुजन हिताय नहीं), सर्वजन सुखाय का मंत्र भी झाकियों के द्वारा गूंजाया गया है। अनपढ़, अशिक्षित, निरीक्षर (आज भी साक्षर नहीं हो पाये) माने जाने वाले इन्दौर की कपड़ा मिलों के मेकेनिकल और मशीनरी में ऐसी (मास्टरी) विशेषता का जिंदा जादू दिखाने वालें मजदूरों ने अच्छे-अच्छे बुद्धिवादी, न्यायवादी, विज्ञानवादी (बकवादी) समाज शास्त्री और राजनिति वेत्ताओं को अपनी कला से चमत्कृत कर दिया है।

मिलों की झाकियों में रामायण और महाभारत का चित्रात्मक दर्शन भी प्रेरणापद रहता हैं। राष्ट्रीय आंदोलन के नजारे भी।

राजनिति में अपने तरह का अनूठा तेवर रखने वाले इन्दौर के महान मजदूरों ने इन झाकियों में रामायण और महाभारत के अनेक पावन प्रसंगों के चलित दृश्यों से ज्ञान परोसा है। राम वन गमन, भरत मिलाप, अहिल्योद्वार, धनुष यज्ञ, राम-सीता विवाह, सीता हरण, जटायु वर्ग, भी हनुमान का संजीवनी लाना, राम-रावण युद्ध, रामेश्वरम में शिव पूजन आदि दृश्यों से महान लोक संत, राष्ट्र संत महाकवि, तुलसीजी की रामायण के अनेक प्रसंगों को ''खुली आंखों'' देखने का कमाल दिखाया है। तुलसी ने जिन भावनाओं को शब्दों की रसमयता प्रदान की है उन सबकों स्वभाविक चरित्र में चत्रित हो चलित किया गया है। मजदूरों के अरमानों, हसरतों और तमन्नाओं ने अपने अनोखें ढ़ंग से तराशा था ''सच्चे लोकोत्सव'' के रूप में श्री गणेशोत्सव को प्रौढ़ शिक्षा और साक्षरता का ढ़ोल पीटने वालों को चुनौती देती है। कपड़ा मजदूरों द्वारा बनाई गई सामाजिक सुधारों की गर्जना करने वाली यह झाकियां मजदूरों को बर्बाद करने वाली तीन बुराईयां हैं। सट्टा, सिनेमा, शराब इन पर कड़ा प्रहार (संदेशातमक-उपदेशात्मक) भी इन झाकियों में खुलेआम किया गया है। मजदूरों में फैली गरीबी, भूखमरी, लाचारगी, बेकारी, बेरोजगारी और छठनी तक के मर्मभेदी करूणामय दृश्य इन झाकियों में देखने को मिले है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, का. विनोबा भावे, लोकमान्य तिलक, सुभाषचंद्र बोस, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, इंदिरा गांधी की कुर्बानियों को दिखाकर इन झाकियों ने राष्ट्रीयता की कीर्ति भी स्थापित की हैं।

नदी के दोनों किनारों पर खड़ें हजारों, हजार नर-नारियों ने जयकार की। सुर्यास्त के पूर्व ही प्रतिमा विसर्जन कर जुलूस के सभी लोग शाम होने के पूर्व ही मिल पहुंचना जरूरी समझते थे क्योंकि ये वह दिन थे जब इन्दौर की सड़कों पर आधे-आधे फर्लांग की दूरी पर 'सड़क लालटेन' लगते थे। तेल कम भरा जाने के कारण रात 8-9 बजे स्वयं बुझ जाते थे।

राय बहादुर सेठ कन्हैयालाल भंडारी मिल प्रबंधकों व कर्मचारियों ने पहली बार सन् 1928 में बैंड-बाजों के साथ जुलूस निकाला। अखाड़े की लेझिंम पार्टी भी थी और भजन मंडलियां भी जुलूस में थी।

### राजकुमार मिल का चमत्कार

सन् 1927-28 में सेठ राजकुमार मिल के द्वारा श्रीगणेशोत्सव में विसर्जन जुलूस की श्रीगणेश प्रतिमा को कुछ विद्युत बल्बों से जगमगाया गया। मिल मैनेजर स्व. श्री अय्यर सा. ने उत्सव को प्रगति पथ पर अग्रसर किया।

### झांकी सम्राट श्री मिश्रीलाल वर्मा

राजकुमार मिल ने सन् 1943 में 5 फीट लंबे चूहे पर मिल की श्रीगणेश प्रतिमा की प्रभावशाली झांकी निकाली जिसमें चूहे की बड़ी-बड़ी लाल आंखें चमकती थी। आंखों के श्वेत शाम पटल की जगह लाल-लाल लट्टू लगाये गये थे। यह लट्टू आंख मिचौली खेलते थे, जलते और बंद होते रहते थे। श्रीगणेशजी के मूषकराज चूहे महाराज का ही सारी इन्दौर में बोलबाला हो गया।

आजादी के बाद सन् 1948 में श्रमिक नेता व्ही.व्ही. द्रविड़ रामसिंह वर्मा और गंगाराम तिवारीजी का इंटक द्वारा मजदूरों में वर्चस्व बढ़ रहा था। इन्होंने मजदूरों में उत्पन्न इस कलात्मक सांस्कृतिक विकास के प्रयत्न किये। नई-नई कल्पनाओं और भावनाओं से ओत-प्रोत वैचारिकता झांकी में लाई गई। प्लायवुड की कटिंग स्वयं मिल के या अन्य मजदूर ही करते थे और उनकी क्रियाओं के चलायमान रखने की तरकीब भी वे ही सोचते थे। इनमें कोई डिग्रीधारी इंजीनियर या विज्ञान अविष्कारक नहीं था। धीरे-धीरे प्लायवुड की अपेक्षा बाँस, घास-फूँस, पत्तो, डंठलों व लाठियों के सहयोग से मानवीय आकृतियां बनाई जाने लगी। चिंदों-चिथड़ों और रंगीन धागों से इनके अंग-प्रत्यंग उभारे गऐ। इसके बाद पीली मिट्टी और गोबर-चूना अथवा रंगों से पोता जाने लगा।

### सन् 2000-01 से झांकियों के माध्यम से नयापन

वर्तमान में चलित झांकियों में बहुत ज्यादा परिवर्तन आया है और अब सुसज्जित सर्वसुविधायुक्त झांकियों का निर्माण होने लगा है। जिसमें नये-नये रूप में झांकियों को प्रदर्शित किया जाने लगा। साथ ही विगत 24 वर्षो से फूलों के माध्यम से भी झांकियों का निर्माण प्रारंभ हुआ जिसमें फूलों के द्वारा झांकियों को सज्जित किया जाने लगा। विसर्जन मार्ग पर झांकियों के सम्मान में एवं कलाकारों, अखाड़ों एवं करतब करने वालों के लिए मंचों के माध्यम से उन्हें सम्मानित कर हौसला अफजाई होने लगी। झांकियों के माध्यम से नित नये प्रयोग कर जनता को राष्ट्रीय एकता, सद्भावना देश भर में बनी रहे इस उद्देश्य को लेकर झांकियों का निर्माण लगातार जारी है।

(मदन परमालिया)
सामाजिक कार्यकर्ता
मो.नं. 98930-98950

## प्रेमनगर सेवाकेंद्र पर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



इंदौर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रेमनगर सेवाकेंद्र पर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका विषय था जीवन को स्वस्थ एवं सशक्त बनाने में शिक्षकों कि भूमिका, मुख्य अतिथि डा जितेन्द्र सिंह (प्रोफेसर आईईटी डी.ए.वी.वी) सुनील बर्बे (वरिष्ठ शिक्षक नालंदा विद्यालय), पवन मखीजा (प्रोफेसर SGITS कॉलेज, इंदौर), मनप्रीत राजपाल जी (प्रोफेसर लॉ कॉलेज), ब्र.कु. शशि दीदी जी (मुख्य प्रभारी, प्रेमनगर यूनिट), ब्र.कु. रक्षा दीदी (प्रभारी, राजेंद्र नगर उपसेवाकेंद्र), ब्र.कु. यश्वनी दीदी (प्रभारी, बिजलपुर उपसेवाकेंद्र) थीं।

ब्र.कु. शशि दीदी जी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक सिर्फ किताबो में लिखे शब्दों को पढ़ाने वाले नहीं होते वे हमे जीवन के महत्वपूर्ण सबक भी सिखाते हैं। डा जितेन्द्र सिंह, भ्राता सुनील बर्बे, भ्राता पवन मखीजा एवं मनप्रीत राजपाल ने इस अवसर पर शिक्षकों का महत्त्व समझाया।

## शिक्षकों का सम्मान समारोह



इंदौर। मध्यप्रदेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में अनेक दिव्यांग दृष्टिहीन प्रतिभाशाली शिक्षकों का सम्मान समारोह समाजसेवी अनिल भंडारी की अध्यक्षता व अंतरराष्ट्रीय कवि प्रोफेसर राजीव शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर शिक्षकों की समाज उत्थान में भूमिका विषय पर वक्ताओं ने विचार रखते हुए कहा शिक्षक ही सच्चा राष्ट्र निर्माता होता है. दिव्यांगों ने संगीतबद्ध गीत आर्केस्ट्रा के साथ पेश किये.

## बच्चों ने सिखा माटी से गणेशजी बनाना




इंदौर। प्लास्टर ऑफ़ पेरिस से पर्यावरण दूषित होने से बचाने के उद्देश्य से सिका प्री- प्राइमरी स्कूल, स्किम नंबर 78 के नन्हें मुन्हे बच्चों ने मिट्टी से भगवान गणेशजी की प्रतिमा बनाना सिखा।शिक्षिकाओं ने बच्चों को इको फ्रेंडली गणेशजी का महत्व समझाया और मिट्टी के हीं गणेशजी की स्थापना के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया।प्रधानध्यपिका श्रीमती स्वाति जैन नें समझाया की किस प्रकार भारतीय पूजा पद्धति मे पर्यावरण संरक्षण किया जाता है।

# देपालपुर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय में जल जमाव से दवाइयों का भंडार खतरे में

देपालपुर। साफ-सफाई का सुचारु काम नहीं करने के कारण देपालपुर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के कार्यालय में शुक्रवार देर शाम जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई। कार्यालय के आसपास कई जगह दवाइयों का भंडार बनाया गया है, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की आपूर्ति के लिए रखा गया है।



समय रहते नगर परिषद देपालपुर द्वारा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय गेट पर खोदी गई ड्रेनेज लाइन को दुरुस्त नहीं करवाया गया, जिससे बरसात के दिनों में पानी पूरी तरह से ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के कार्यालय के परिसर में जमा हो जाता है।

आने वाले समय में भी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय को बड़ी कठिनाइयों और बड़े नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। नगर परिषद देपालपुर को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत समाधान करना चाहिए, क्योंकि यह मरीजों की दवाइयों का सवाल है। अगर बारिश के पानी से दवाइयां खराब हो गईं, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय में दवाइयों का भंडार रखने के लिए अन्य कोई जगह नहीं है। इसलिए, जो जगह है उसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। नगर परिषद को इसमें मदद करनी चाहिए, क्योंकि सरकारी विभाग एक दूसरे के हितकारी होते हैं और अच्छे-बुरे समय में एक दूसरे का सहयोग प्रदान करते हैं।

आज स्वास्थ्य विभाग के पास दवाइयां रखने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है, ऐसे समय में उनकी समस्या का निराकरण करना नगर परिषद का कर्तव्य बनता है।

### इनका कहना है

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय के सामने गेट पर पहले ड्रेनेज सिस्टम के पाइप में गंदगी जमा हो जाने के कारण निकासी नहीं हो पा रही थी। इस कारण नगर परिषद के दरोगा ने पाइप को खुलवा दिया।

अब पाइप फूटा होने के कारण ड्रेनेज का पूरा गंदा पानी कार्यालय में घुस रहा है। कई जगह दवाइयों को रखने के लिए स्टॉक रूम बनाए गए हैं, और कुछ दूरी ही पानी पहुंचाने में शेष रह गई है। नगर परिषद ने ध्यान नहीं दिया तो पानी दवाइयों तक पहुंच जाएगा। हमने दरोगा को सूचना कर दी है।

**डॉ. अभिलाष शिवरिया,**
**बीएमओ देपालपुर**

# एल आई सी द्वारा शिक्षक सम्मान किया गया

इंदौर। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सप्ताह के दौरान शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक श्री प्रभात कुमार साहू एवं निदेशक मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी डॉ विकास दवे सर के कर कमलों से शहर के पंद्रह शिक्षकों का सम्मान किया गया।




डॉ दवे ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक शिक्षक को अपना आचरण ऐसा रखना चाहिए जिसका अनुसरण कर एक सफल एवं नेक इंसान बन सके। वरि मण्डल प्रबंधक श्री साहू ने निगम की आर्थिक सुदृढ़ता से अवगत कराया एवं निगम द्वारा जारी योजनाओं को बताया और कहा कि हमेशा हम अपना जीवन बीमा जरूरत से कम करवाते हैं जो कि परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए पर्याप्त नहीं होता है।

आपने शिक्षकों से अपील की कि वो परिवार के लिए निगम की लाभकारी पॉलीसयों को लेवें एवं उनका लाभ उठाएं।विपणन प्रबंधक निरंजन गौरे ने निगम की प्रगति के बारे में बताया। संचालन देवेंद्रसिंह सिसौदिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन सुश्री जया सेम प्रबंधक सीआरएम ने किया। इनका

सम्मान किया गया श्री दीपक श्रीवास्तव जी, डॉ वाय. चोयल, डॉ राजीव रघुवंशी, श्रीमती मीना नायक, डॉ नीधि परमार, डॉ गरिमा संजय दुबे, श्रीमती सुनीता विकास दवे, श्रीमती प्रीति दुबे, डॉ स्वप्नील व्यास, श्रीमती अंजली गर्ग, श्री विश्वास पाठक, श्रीमती आरती मिश्रा डॉ अनुराधा मिश्रा एवं आयुषी नायक ।

## गंगवाल जी की मूर्ति नगर निगम द्वारा लगाई जाएगी - महापौर



इंदौर। नरेन्द्र मिश्रीलाल गंगवाल अध्यक्ष देशभक्ति जागरण समिति इन्दोर के नेतृत्व में मयंक जैन अध्यक्ष विश्व जैन संगठन इन्दौर, कैलाश अजमेरा अध्यक्ष रामचंद्र नगर, रमेश गंगवाल अध्यक्ष विजय नगर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पूर्व मुख्यमंत्री, मालव गांधी की मूर्ति गंगवाल बस स्टैंड पर पर अविलंब लगाने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव को ज्ञापन दिया। महापौर ने आश्वासन दिया अगर गंगवाल बस स्टैंड स्थानांतरित होने में विलंब हुआ तो इसी जगह गंगवाल बस स्टैंड परिसर में निगम द्वारा श्रद्धेय मिश्रीलाल बालचंद जी गंगवाल की मूर्ति मेरे ही कार्यकाल में स्थापित होगी।

## सावधान सरकारी कर्मचारी.....किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करे

इंदौर। देशभर में फिशिंग स्कैम के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। अब हैकर्स फिशिंग स्कैम के जरिए सरकारी कर्मचारियों को चूना लगा रहे हैं। हाल ही में एनआईसी ने नए फिशिंग स्कैम का खुलासा किया है। एनआईसी ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों को आगाह कर कहा कि अब हैकर्स सरकारी अफसरों के लॉगिन चुराने की कोशिश कर रहे हैं।

हैकर्स रक्षा मंत्रालय की नकली वेबसाइट बनाकर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। साथ ही एक लिंक दिया होता है। लिंक पर क्लिक करने पर रक्षा मंत्रालय जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट खुलती है, और कर्मचारी उसमें लॉगइन करने की कोशिश करता है, तब हैकर्स उसका लॉगइन पासवर्ड चुरा लेते हैं। एनआईसी का कहना है कि ये दोनों फिशिंग यूएलआर रक्षा मंत्रालय की नकल कर रहे हैं।

इस फिशिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी अधिकारियों के एनआईसी क्रेडेंशियल चुराना है ताकि वे भारत सरकार से जुड़े संवेदनशील दस्तावेज चुरा सकें। एनआईसी ने सरकारी कर्मचारियों को इसतरह के किसी भी संदिग्ध ईमेल को तुरंत डिलीट करने का निर्देश दिया है। अगर उन्होंने गलती से इसतरह के किसी लिंक पर क्लिक कर दिया है,तब उन्हें तुरंत अपने कंप्यूटर को इंटरनेट से डिस्कनेक्ट करना चाहिए, अपना पासवर्ड बदल लेना चाहिए।

# 170 छात्राओं को सईद आलम ने सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी

इन्दौर। एमपी पुलिस हायर सेकेंडरी स्कूल, 15वीं बटालियन, इंदौर में आत्मरक्षा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। छात्राओ को सशक्त बनाने और व्यक्तिगत सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम मिशन हिफाजत व रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस द्वारा आयोजित किया गया था।



रिलायंस निपोन लाइफ इंश्योरेंस की असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर दीपा मालवीय ने बताया कि शिविर में देश के प्रसिद्ध सेल्फ डिफेंस इंस्ट्रक्टर मास्टर सईद आलम ने स्कूल की 170 बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। खासतौर से देशी विदेशी उपकरण जो सेल्फ डिफेंस के लिए ही डिजाइन किए गए है उनके साथ अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल श्री ओम शंकर शुक्ला जी का कहना था कि वर्तमान सामाजिक परिदृश्य को देखते हुए सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिग अत्यधिक महत्वपूर्ण और आज के समय की जरूरत है। जो अभी पिछले कुछ सालों या ये कहिए कुछ महीनो मे ही जो घटनाएं हुई है उन्हे देखते हुए इस तरह के कैम्प समाज और स्कूल मे आयोजित होते रहना चाहिए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के लिए बहुत उत्साह व्यक्त किया और इस तरह के मूल्यवान कार्यक्रम के आयोजन के लिए मास्टर सईद आलम के प्रयासों की सराहना की। समापन समारोह पर स्कूल के श्रीमान थापा जी, रिलायंस की लाइफ प्लानिंग ऑफिसर माधवी पाल, रश्मि जैन और टीचर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकृष्टि मालवीय ने किया। आभार सुमित्रा चंद्रवंशी ने माना। सहायक कोच अब्दुल राशिद ने बताया कि किसी भी स्कूल के डायरेक्टर या प्रिंसिपल अपने स्कूल मे पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाने हेतु जानकारी के लिए 99262 68683 व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क कर सकते है।

## राग दरबारी



## झाड़ू,झाड़ू नही,लक्ष्मी है..!

अरररररे,ताड़ जैसी बड़ी हो गयी है शऊर रत्ती भर का भी नहीं है। भला कोई पैर से झाड़ू खिसकाता है।चलो झाड़ू को प्रणाम करो,तो ये रही हमारी दादी की फटकार जो सुबह सुबह मुझे मिल गयी प्रसाद मे,मां ने अलग डांटा। बिटिया सयानी हो गयी हो सीखो ये घर की लक्ष्मी है, महज झाड़ू नही।दादी बोलती जा रही और मै खड़ी उन्हे टुकुर टुकुर निहारते हुये उनकी बाते सुनने मे लगी थी, मां अलग तनन-भनन कर रही थीं, उन्होने बताया की जैसे तुम्हारी माँ इस घर की लक्ष्मी है वैसे घर के कुछ जरूरी समान को भी लक्ष्मी की तरह पूजते है, ये लक्ष्मी के अलग-अलग रूप है। धनतेरस वाले दिन एक बार सोना मत लो पर झाड़ू जरूर खरीदना चाहिए। इधर मालवा-निमाड़ में तो धनतेरस पर सबसे पहले झाड़ू ही खरीदते है।

झाड़ू जिसे कुछ लोग बुहारी भी बोलते है। कभी भी झाड़ू को खड़ी मत रखो दोष लगेगा।झाड़ू टूट जाने के बाद उसका इस्तेमाल नहीं करते हैं।वास्तु के नजरिए से ऐसा करना बहुत गलत होता है।दिन डूबने के बाद झाड़ू नहीं लगाते है और तो और किसी मेहमान की विदाई के बाद झाड़ू न लगाने की परंपरा रही है।अर्थी ले जाने के तुरंत बाद तत्काल झाड़ू लगाते है।झाड़ू अपनी किसी को नही देना चाहिए।झाड़ू( बढ़नी ) को जलाते नही है। झाड़ू भी कितनी तरह की होती है नारियल की सीक की झाड़ू, फूल झाड़ू,कुश की झाड़ू और बाहर दुवार बटोरने के लिए अरहर के सरकेड़ा की झाड़ू, फूल झाड़ू इत्यादि नाम से बुलाते हैं। जिसमे चौके की झाड़ू कुश की होती है वो चौके के बाहर नहीं निकाली जाती और न ही बाहर वाली झाड़ू चौके के अंदर लायी जाती है।

कच्चे आँगन के लिए नारियल की झाड़ू तो पक्के कमरो के लिए फूल झाड़ू होती है।झाड़ू को हमेशा छिपाकर रखना चाहिए। ऐसी जगह पर रखना चाहिए जहां से झाड़ू हमें, घर या बाहर के किसी भी सदस्यों को दिखाई नहीं दें।एक छोटी सी झाड़ू के बारे मे इतनी जानकारी दादी ने दी की मै मुस्कुरा उठी।उधर मां ने भी दादी की सारी बातें, मानने के सख्त ताकीद दी।आजकल की पीढ़ी इन बातों को हंसी में ही उड़ा देते है।वे ये मानने को तैयार नहीं कि झाड़ू का हमारे परिवार में, समाज मे इतना महत्व है।राजनीति में भी झाड़ू की अहम भूमिका है।एक राजनीतिक दल का तो चुनाव चिन्ह ही झाड़ू है। इस दल के सरगना तो फिलहाल इस वक्त कृष्ण मंदिर में विराजे है।

इस दल का, जिसका चुनाव चिन्ह झाड़ू है।कहीं पर सत्ता में है तो कहीं उस दल की झाड़ू अन्यों के साथ लग गई है?झाड़ू तिनको-तिनको से मिलकर बनती है जो घरों के तिनके बाहर निकालती है।पॉलिटिक्स में कई तिनके मिलकर एक झाड़ू उर्फ विपक्षी दल बना है जो सत्ता पक्ष की झाड़ू लगाकर कुर्सी हथियाना चाहती है लेकिन खुद की झाड़ी लग रही है? कई तिनके (दल) मिलकर एक बड़ी सशक्त झाड़ू बनना चाहते हैं लेकिन वक्त उनकी झाड़ू लगा रहा है।आप के तिनके-तिनके बिखर रहे है, उधर विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर ,अढ़ाई सौ सीट वाले दल की झाड़ू लगाना चाहते है?

उनका मानना है कि अढ़ाई सौ से एक सौ की संख्या काफी बड़ी है? जनता जनार्दन बहुत घाघ है वो पता नहीं किसको सोने की झाड़ू बनाएं, किस का सूपड़ा साफ कर, झाड़ू लगा दें। फ़िल्म उधोग में भी कइयों की झाड़ू लगती रहती है। दुनियादारी को झोड़ो अपन को तो बुहारी का सम्मान करना है।जो अपने, घर के, बंगलों के जाले साफ करती है। उसे सिर से लगाओ और अपना दड़वा क्लीन रखो। सौ की सही बात ये है कि झाड़ू, झाड़ू नही, घर की लक्ष्मी है। पूजनीय है।

दिनेश गंगराड़े
समरपार्क, निपानिया, इंदौर 452010 मप्र

## कटाक्ष

### महंगाई और ग़रीब

महंगाई अब कब घटे, करिये नेता बात
हम ग़रीब को मारती, घोड़े जैसी लात

महंगाई से अब मिले, राहत भी श्रीमान
हम ग़रीब अब हो गये, इसी से परेशान

लेती है दिन-रात ही, देख हमारी जान
सुन सुनकर अब देखिये, पके हमारे कान

महंगाई हो कम यहां, सुधरे सब हालात
लाओ ऐसी योजना, दे इसको ही मात

हो ग़रीबी ग़रीब की, करिये नेता दूर
ताकि वे भी खा सकते, रोटी को भरपूर

महंगाई दिन रात ही, खाती है अब भाव
देती सदा ग़रीब को, देखो खूब तनाव

चीजों के ऊंचे चढ़े, खूब भाव श्रीमान
हम सदैव ही ताकते, देखिये आसमान

कैसे करें रमेश जी, जीवन नैया पार
खा जाती सबके सभी, हमारी ये पगार

महंगाई की कब तलक, खाये जी हम मार
चीख चीखकर कह रहे, सारे ही अख़बार

महंगाई हो कम यहां, करें ऐसा उपाय
बड़े मजे से फिर सभी, त्यौहार हम मनाय




रमेश मनोहरा
शीतला माता गली जावरा (म.प्र.)
457226, जिला रतलाम
मो. 9479662215

# लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने का टारगेट

## सदस्यता अभियान में मप्र भाजपा दूसरे नंबर पर

इंदौर। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य साधने के बाद मप्र भाजपा अब सदस्यता अभियान में जुट गई है। इस अभियान के तहत पार्टी का लक्ष्य 1.5 करोड़ नए सदस्य बनाने का है। इस बार, अभियान की सफलता से न केवल संगठन को मजबूती मिलेगी, बल्कि इससे जिलों के नेताओं का कद भी तय होगा। जो नेता ज्यादा लोगों को पार्टी से जोडऩे में सफल होंगे, उन्हें संगठन में बड़ा पद मिल सकता है।



वहीं, निष्क्रिय नेताओं की सूची भी तैयार की जाएगी। ऐसे में जिस दमखम के साथ मप्र भाजपा के नेता सदस्यता अभियान जुटे हैं उससे यह साफ हो गया है कि वे लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने का टारगेट पर काम कर रहे हैं। यही वजह है कि सदस्यता अभियान में मप्र भाजपा देश भर में दूसरे नंबर पर है। बता दें, भाजपा हर छह साल में नए सिरे से सदस्य बनाती है। पिछली बार भाजपा के 95 लाख सदस्य थे। इस बार 55 लाख अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सभी नेताओं को संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हर नेता को अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूती से खड़ा करना होगा, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हार का सामना कर चुकी है। शर्मा ने कहा कि संगठन को कमजोर बूथों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए हर सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को जुटना होगा। उन्होंने कहा कि एक-एक शक्ति केंद्र पर ध्यान देना होगा। नए प्रयोग करना होंगे। कौन सा वर्ग हमसे छुटा हुआ है उस पर ध्यान दे। विधानसभा-लोकसभा में किस वर्ग का वोट हमें नहीं मिला इस पर फोकस करें। शर्मा ने कहा कि अवसर पर काम होता है तो इतिहास बनता है। प्रदेश में दो करोड़ 24 लाख वोट लोकसभा में मिले। हमें लोकसभा में हारी हुई 27 विधानसभा और विधानसभा चुनाव में हारी 66 सीटों पर फोकस करना होगा।

### 3 दिन में मप्र ने बनाए सवा लाख से अधिक सदस्य

देशभर में भाजपा ने इस बार 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। भाजपा द्वारा आरंभ किए गए सदस्यता अभियान के पहले तीन दिनों में उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक एक लाख 35 हजार सदस्य बनाए हैं। वहीं, मध्य प्रदेश भाजपा एक लाख 19 हजार सदस्य बनाकर दूसरे स्थान पर है। सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व बेहद गंभीर है और प्रतिदिन सदस्यता अभियान की समीक्षा की जा रही है। मध्य प्रदेश भाजपा ने इस संगठन पर्व में डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। भाजपा को लोकसभा चुनाव में लगभग दो करोड़ 14 लाख वोट मिले हैं इसलिए पार्टी ने उन सभी मतदाताओं को संपर्क के दायरे में लिया है। मप्र में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन दिसंबर से आरंभ हुआ है। पहले दिन मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और अन्य सभी मंत्रियों को सदस्य बनाया गया था। पार्टी नेताओं का मानना है कि चुचावी परिणाम भी बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम पर निर्भर करते हैं। इसका आशय यह है कि बूथ कमेटी जितनी मजबूत होगी, उतने ही मतदाताओं को वे आकर्षित कर पाएंगे। यही वजह है कि पार्टी ने सदस्यता अभियान में सर्वाधिक फोकस बूथ पर किया हुआ है। सदस्यता में बूथ पर यह भी देखा जा रहा है कि डाक्टर, वकील से लेकर जितने भी अलग-अलग व्यवसाय से जुड़े लोग हों, उन सभी को बूथ में जोड़ा जाए। हर बूथ पर कम से कम ढाई सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है। सदस्यता अभियान के बाद बूथ से लेकर राष्ट्र स्तर तक संगठन के चुनाव होंगे। पहला चरण 25 सितंबर तक चलेगा। दूसरा चरण एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा।

### 51 लाख से ज्यादा सदस्य बन चुके

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान के पहले दिन ही देश में 51 लाख से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं, प्रदेश में पार्टी का सदस्य बनाने को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह है और ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए काम्पिटिशन चल रहा है। प्रदेश के 64 हजार 871 बूथों पर कार्यकर्ता ढाई सौ सदस्य बनाने के लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं। प्रदेश का सदस्य बनाने का लक्ष्य डेढ़ करोड़ रखा गया है। इधर, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर शेजवार के निवास ई-3/185 अरेरा कॉलोनी, पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर शेजवार जी को उनके घर पहुंचकर पार्टी का सदस्य बनाकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। शेजवार जी जनसंघ और जब 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तब से पार्टी के सदस्य हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर शेजवार ने कहा कि सदस्यता किसी भी पार्टी के विस्तार के लिए सबसे पहली सीढ़ी होती है। शर्मा के नेतृत्व में संगठन पर्व का कार्यक्रम पूरी ताकत और योजना के साथ आगे बढ़ रहा है और यह पार्टी के विस्तार के लिए बड़ा कदम है।

### कांग्रेसी के घर जाओ...मिस्ड कॉल करवाओ

मप्र में भाजपा सदस्यता अभियान के जरिए फिर एक बार कांग्रेस में बड़ी सेंध की तैयारी कर रहा है। सदस्यता अभियान में बड़ा फोकस कांग्रेस के वोट बैंक वाली विधानसभा के साथ कांग्रेसियों पर भी है। वैसे तो पार्टी ने एमपी में डेढ़ करोड़ नए सदस्यों का टारगेट रखा है, लेकिन बूथ तक के कार्यकर्ता को खास हिदायत है कि कांग्रेसियों के साथ चाय पी कर मिठास बढ़ाए और उन्हें सदस्य बनाए। वीडी शर्मा ने कहा कि अगर कोई आस-पड़ोस में कोई कांग्रेसी है, तो भूल जाओ उन्हें मिस कॉल करके पार्टी का सदस्य बनाओ।

# मप्र में किसान न्याय यात्रा निकालेगी कांग्रेस

## एमएसपी बढ़ाने की मांग को लेकर जंगी प्रदर्शन की तैयारी

इंदौर। मध्य प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, महिला हिंसा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेर रही कांग्रेस पार्टी अब किसानों के मुद्दों को लेकर किसान संगठनों के साथ सडक़ पर उतरने की तैयारी में है। इसी सिलसिले में 20 सितंबर को कांग्रेस प्रदेश भर में किसान न्याय यात्रा निकालने जा रही है। इसके तहत सभी जिला मुख्यालयों पर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता किसानों के साथ ट्रैक्टर लेकर पहुंचेंगे।



पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का भाजपा सरकार का वादा झूठा है और यह प्रदेश के किसानों ने देख लिया है। कांग्रेस किसानों के लिए सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रुपये, गेहूं 2,700 रुपये और धान 3,100 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदने की मांग कर रही है।

### मोदी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी करेंगे

जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा - देश मे 78त्र आबादी किसान की है। मप्र देश का एग्रीकल्चर का हब है। गेहूं, सोयाबीन और धान उत्पादन में मप्र अग्रणी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक लाख बार ये कहा कि किसानों की आय दोगुनी की जाएगी। उन्होंने ये विधानसभा के सत्र में भी आय दोगुनी करने की बात कही । मैंने भी सकारात्मकता से इस बयान को लेते हुए स्वीकार किया कि एक मुख्यमंत्री किसानों की आय दोगुना करने के बारे में सोचता है। तो मैनें इस बात की तारीफ की थी। 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे बरेली में यही बात कही थी।

### शिवराज का झूठ उजागर हो गया

जो सरकारी एजेंसी सूचकांक को निर्धारित करती है उसके आधार पर बता रहा हूं कि मप्र में किसान की आमदनी 27 रुपए प्रतिदिन है। जबकि, प्रति किसान औसत कर्ज 74 हजार रुपए है। देश में 10 सालों से बीजेपी की सरकार है और मप्र में 25 साल यानि पांच पंचवर्षीय योजना में केवल डेढ़ साल का पीरियड छोड़ दें तो प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। देश के नेता और प्रदेश के नेता ने से कैसे किसानों की आंखों में धूल झोंकी है इसका उदाहरण सबके सामने है। अभी शिवराज सिंह ने कृषि मंत्री बनने के बाद लोकसभा में कहा कि मैं मध्य प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी कर दी। किसानों से लूट, मोदी जी का दोगुनी आमदनी वाला झूठ, उजागर हो गया है। शिवराज सिंह चौहान ने बार-बार यह बात कही कि मैं किसने की याद दोगुनी कर दी है लेकिन 2022 में संसदीय समिति रिपोर्ट दी कि मध्य प्रदेश के किसानों की आय घट गई है।

2015-16 में एक किसान की आय 9740 थी यह घटकल 2017-18 में और 8339 रुपए हो गई। किसानों पर लगातार कर्जा बढ़ रहा है झूठ बोलते हैं और आवाज भारी रखते हैं की तैयारी करते हैं। यह कंपटीशन चल रहा है कि नरेंद्र मोदी से झूठ कौन है तो शिवराज की टक्कर दे रहे हैं यह मोदी जी ज्यादा झूठ बोलेंगे कौन ज्यादा जोर से झूठ बोलेगा।

## नया सीएस बनने से पहले सुलेमान हुए मंत्रालय से बाहर

इंदौर। नए मुख्य सचिव के लिए 15 सितम्बर तक नाम सामने आने के कयासों के बीच मोहन यादव सरकार ने अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान को मंत्रालय के बाहर पदस्थ कर दिया है। अब वे कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। उधर नए मुख्य सचिव के नाम को लेकर अब जल्दी ही फिर अटकलों का दौर शुरू होने वाला है। अगस्त में किए गए तबादले में अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान को कृषि उत्पादन आयुक्त बनाए जाने के बाद ही यह संभावना जताई जाने लगी थी कि जल्दी ही उन्हें मंत्रालय से बाहर पदस्थ किया जा सकता है। इस पर अब अमल भी हो गया है। सुलेमान को कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष संजय बंदोपाध्याय के 31 अगस्त को रिटायर होने के बाद अब कर्मचारी चयन मंडल का नया अध्यक्ष बनाया गया है। सुलेमान के पास कर्मचारी चयन मंडल अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार अभी रहेगा। सुलेमान को मंत्रालय से बाहर पदस्थ किए जाने के बाद अब वे मुख्य सचिव पद की दौड़ से पूरी तरह बाहर माने जा रहे हैं।

**तीन दिन दबाए रखा जीएडी ने आदेश**-एसीएस मो. सुलेमान को कर्मचारी चयन मंडल का अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का आदेश तीन सितम्बर को जारी हो गया था लेकिन जीएडी के अफसर इसे तीन दिन तक दबाए रहे। आज सुबह से सुलेमान को अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने की चर्चा सामने आई तो जीएडी ने यह आदेश सार्वजनिक किया।

**तीस सितम्बर को खत्म होगा वीरा का कार्यकाल**-मुख्य सचिव वीरा राणा का छह माह का एक्सटेंशन तीस सितम्बर को खत्म होने वाला है। यह भी माना जा रहा है कि अब उन्हें एक्सटेंशन नहीं दिलाया जाएगा। ऐसे में नए मुख्य सचिव के नाम पर 15 सितम्बर तक मुहर लगने की उम्मीद है। इस दौड़ में सबसे आगे केंद्र में पदस्थ अनुराग जैन का नाम है। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा का नाम है। अन्य दावेदारों में एसएन मिश्रा, विनोद कुमार, जेएन कंसोटिया हैं।

# ओंकारेश्वर सोलर फ्लोटिंग परियोजना का काम अटका

## सौर ऊर्जा के लिए नहीं मिल पा रहे हैं खरीददार

इंदौर। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोकस सौर ऊर्जा पर बना हुआ है, लेकिन इस मामले में राज्य सरकारों की रुचि कम ही है, जिसकी वजह से ऊर्जा के इस क्षेत्र में काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। ऐस ही राज्य मप्र भी है। प्रदेश में हालत यह है कि सौर ऊर्जा के लिए खरीददार ही नहीं मिल पा रहे हैं, जिसकी वजह से देश की सबसे बड़ी ओंकारेश्वर सोलर फ्लोटिंग परियोजना का काम आगे ही नहीं बढ़ पा रहा है। दरअसल, अभी इस परियोजना से दो सौ मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है , लेकिन 100 मेगावॉट के लिए खरीददार ही नहीं मिल रहे हैं।



यह बात अलग है कि सरकार चाहे तो इस बिजली को खरीद सकती है, लेकिन उसकी रुचि इसकी जगह कोयला से बनने वाली बिजली में अधिक है। जिसकी लागत भी अधिक आती है और पर्यावरण को भी नुकसान अधिक होता है। यही वजह है कि अब इस परियोजना को लेकर निवेशकों में अरुचि पैदा हो गई है। परियोजना के दूसरे चरण में 300 मेगावॉट बिजली का सोलर सिस्टम लगाने के लिए के लिए तीन बार टेंडर जारी किए गए लेकिन निजी कंपनियां आगे नहीं आ रही हैं। इस समय ओंकारेश्वर में सोलर संयंत्रों से 200 मेगावॉट बिजली तैयार हो रही है। सरकार 100 मेगावाट खरीद रही है। बाकी 100 मेगावॉट बिजली खरीदने के लिए कोई कंपनी आगे नहीं आई है। अब सरकार 100 मेगावॉट बिजली नगरीय निकायों और निगम मंडलों को देने पर विचार कर रही है।

दरअसल, यहां पर बनने वाली बिजली की लगत कम हो ने से वह करीब सवा दो रुपए यूनिट में मिल रही है। इससे निकायों को सस्ती बिजली मिलने से उनका आर्थिक भार कम होगा। यही वहज है कि इसके लिए चार बार टेंडर जारी होने के बाद भी सोलर सिस्टम लगाने कोई भी कंपनी अभी तक आगे नहीं आई है। गौरतलब है कि मध्य और उत्तर भारत की सबसे बड़ी तैरती इस सौर परियोजना का नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने आठ अगस्त 2023 को इसका शुभारंभ किया था।

### तीन कंपनियां कर चुकी हैं निवेश

ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट के फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट लगाया जाना है। इन परियोजनाओं में वर्तमान में तीन कंपनियों ने अपना संयंत्र लगा लिया है, जिससे 200 मेगावॉट बिजली तैयार होती है। दूसरे चरण की परियोजना के लिए सोलर संयंत्र लगाने के लिए चौथी बार फि र टेंडर जारी किए गए हैं। इसके लिए ऊर्जा विकास निगम निवेशकों का तलाश कर रही है। दूसरे चरण में भी 300 मेगावॉट के संयंत्र लगाए जाना हैं।

### सस्ती खरीदकर मंहगी बेंचने की योजना

बताया जाता है कि ओंकारेश्वर से जो बिजली तैयार की जा रही है, उसकी दरें सबसे (दो-सवा दो रुपए प्रति यूनिट) कम है। अब सरकार तीन रुपए में बिजली बेचने की बातचीत कर रही है। इससे निवेशक बढ़ सकते हैं। जिस तरह से रीवा जिले के सोलर पॉवर के लिए सरकार ने दिल्ली मेट्रो से बिजली खरीदने के संबंध में अनुबंध किया था, उसी तरह से अन्य संस्थानों की तलाश की जा रही है।

### पानी की भी होगी बचत

परियोजना के दो मकसद हैं। इसमें पहला है पानी के ऊपर बिजली तैयार करना, दूसरा वाष्पीकरण को रोकना। सोलर पैनल लगने के बाद ओंकारेश्वर जल परियोजना के पानी का वाष्पीकरण कम हो जाएगा। इससे 60 से 70 फीसदी पानी बचेगा जो भोपाल की 124 दिन की जरूरत के बराबर होगा। इस तरह से इस परियोजना का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन में 2.3 लाख टन ष्टह्र2 की उल्लेखनीय कमी लाना है, जिससे वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com